RAJHIN/2014/55262

sancharjagat.com

खबरों व विज्ञापन
के लिए सम्पर्क करें
संचार जगत
मो.नम्बरः- +917357161599

संचार जगत

दैनिक समाचार पत्र

sancharjagat.com

editorial@sancharjagat.com

'सोच को इतना बड़ा रखो कि असफलता भी एक छोटा कदम लगे। सफलता कोई मंजिल नहीं, यह एक दिशा है। बड़ा सोचो, बड़ा करो।'

वर्षः 13 | अंकः 257 जयपुर, शुक्रवार, 16 अक्टूबर , 2026 मूल्यः 2.00 रूपए पृष्ठः 8

सुप्रीम फैसला

नहीं मिलेगा धर्म बदलने पर आरक्षण का लाभ

सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को सही माना



नई दिल्ली/संचार जगत

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि हिंदू धर्म में अनुसूचित जाति (एससी) या पिछड़े वर्ग से जुड़ा व्यक्ति किसी दूसरे धर्म को अपनाने के बाद उसी आधार पर आरक्षण का लाभ पाने का दावा नहीं कर सकता। कोर्ट के मुताबिक, हिंदू सामाजिक व्यवस्था में किसी व्यक्ति की सामाजिक पिछड़ेपन से जुड़ी स्थिति दूसरे धर्म को अपनाने के बाद अपने आप उस धर्म की सामाजिक व्यवस्था में लागू नहीं हो जाती। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को सही माना है।

हाईकोर्ट ने तमिलनाडु सरकार के उस फैसले को रद्द कर दिया था, जिसमें धर्म बदलकर मुस्लिम बने लोगों को आरक्षण देने का फैसला किया गया था। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु सरकार की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि इस्लाम अपनाने भर से कोई व्यक्ति राज्य की तय पिछड़े मुस्लिम समुदायों में शामिल नहीं हो जाता। पुराने जाति या समुदाय के आधार पर नए धर्म में आरक्षण का लाभ अपने आप नहीं मिल सकता। कोर्ट ने कहा कि अनुसूचित जाति का दर्जा भी संविधान में तय धर्म संबंधी नियमों के अनुसार ही मिलेगा। दरअसल, तमिलनाडु सरकार ने मार्च 2024 में एक आदेश जारी किया था। इसके तहत पिछड़े वर्ग, अति पिछड़े वर्ग, कुछ अधिसूचित समुदायों और अनुसूचित जाति से इस्लाम अपनाने वाले लोगों को पिछड़े मुस्लिम वर्ग के तहत प्रमाणपत्र देकर आरक्षण का लाभ देने की व्यवस्था की गई थी। मद्रास हाईकोर्ट ने इस आदेश को रद्द कर दिया था। अब सुप्रीम कोर्ट ने भी हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति चंद्रशेखर की पीठ ने मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ तमिलनाडु सरकार की याचिका को खारिज कर दिया।

चुनाव आयोग 1 जनवरी से शुरू करेगा प्रोसेस

SIR विवाद के बीच मप्र सहित 17 राज्यों में SSR करवाने का ऐलान

इसका मकसद युवा और पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को नामांकन में शामिल करना और वोटर लिस्ट की शुद्धता बढ़ाना

नई दिल्ली/संचार जगत



मतदाता सूची के एसआईआर पर मचा घमासान अभी थमा भी नहीं है कि चुनाव आयोग एसएसआर लेकर आ गई है। मध्यप्रदेश सहित 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में एसआईआर के बाद मतदाता सूची में अपडेट के लिए विशेष संक्षिप्त संशोधन (एसएसआर) कराने का कार्यक्रम जारी हो गया है। जिन राज्यों में अगले साल या उसके बाद विधान सभा चुनाव होने हैं, ऐसे 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में निर्वाचन आयोग मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) आयोजित करेगा।

निर्वाचन आयोग ने गुरुवार को ऐलान किया कि 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वोटर लिस्ट का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण आयोजित किया जाएगा। इनमें वो राज्य भी शामिल हैं जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा सहित इन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को भेजे पत्र में चुनाव प्राधिकरण ने कहा कि इस एसएसआर के लिए 1 जनवरी 2027 को अर्हता तिथि माना जाएगा।

5 राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव

उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा में 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन पांचों राज्यों में एसएसआर कराया जाएगा। उत्तर प्रदेश की 403 सीटों वाली विधानसभा का कार्यकाल 22 मई 2027 को खत्म होगा। मणिपुर की 60, गोवा की 40, पंजाब की 117 और उत्तराखंड की 70 सीटों वाली विधानसभाओं का कार्यकाल मार्च 2027 में अलग-अलग तारीखों पर खत्म होगा। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के तहत चुनाव आयोग विधानसभा का कार्यकाल खत्म होने से छह महीने पहले भी चुनाव करा सकता है। चुनाव आयोग ने मतदान केंद्रों की संख्या और उनकी जगह की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। सामान्य तौर पर एक मतदान केंद्र पर 1,200 से ज्यादा मतदाता नहीं होने चाहिए। जरूरत पड़ने पर नए मतदान केंद्र बनाए जा सकते हैं। अधिकारियों को यह भी देखना होगा कि मतदाताओं को अपने मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए दो किलोमीटर से ज्यादा दूरी तय न करनी पड़े।

12 नवंबर को जारी की जाएगी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट

एकीकृत फोटोयुक्त प्रारंभिक मतदाता सूची 12 नवंबर को प्रकाशित होगी। इसके एक महीना बाद तक यानी 11 दिसंबर तक नए नाम जोड़ने, हटाने या किसी भी सुधार के लिए दावे और आपत्तियां आमंत्रित किए जाएंगे। सभी दावों और आपत्तियों के निस्तारण के बाद 4 जनवरी 2027 तक अंतिम मतदाता सूची यानी फाइनल इलेक्टोरल रोल जारी कर दिया जाएगा। इन राज्यों में अग्रिम आवेदन की सुविधा भी खास कर नए मतदाताओं को मिलेगी। इस अभियान के दौरान निर्वाचन आयोग ने मुख्य अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के अलावा, साल 2027 की अगली तीन तिमाहियों की अर्हता तिथियों अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर की पहली तारीख के लिए भी योग्य मतदाताओं से अग्रिम आवेदन स्वीकार करने के निर्देश दिए हैं। इसका मतलब है कि जो युवा साल 2027 में आगे किसी भी तिमाही में 18 साल के होने वाले हैं, वो भी पहले से अपना फॉर्म जमा कर सकते हैं। आयोग के मुताबिक, जिन राज्यों या केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की प्रक्रिया अभी चल रही है या हाल ही में पूरी हुई है, उनके लिए एसएसआर के विस्तृत शेड्यूल की घोषणा बाद में अलग से की जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुख्यमंत्री की भेंट

जनकल्याण और सुशासन ही डबल इंजन सरकार का एकमात्र ध्येय : सीएम शर्मा

संचार जगत



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट कर उनका प्रेरणादायी मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री को सार्वजनिक जीवन में जनसेवा के 25 गौरवशाली वर्ष पूर्ण करने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का राष्ट्रसेवा एवं जनसेवा के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा एवं ऊर्जा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राजस्थान की विकास यात्रा को नई गति मिल रही है। उनके नेतृत्व में आधारभूत संरचना, निवेश और जल प्रबंधन सहित विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे अभूतपूर्व कार्यों से राजस्थान वर्ष 2047 तक विकसित प्रदेश बनने की ओर अग्रसर है। हमारी डबल इंजन की सरकार जनकल्याण और सुशासन को एकमात्र ध्येय मानकर कार्य कर रही है।

मुख्य सचिव श्री वी. श्रीनिवास ने एथेंस में आईआईएएस शासन सूचकांक के प्रारंभिक स्वरूप का अनावरण किया



संचार जगत

जयपुर। राजस्थान के मुख्य सचिव एवं इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडमिनिस्ट्रेटिव साइंसेज (आईआईएएस) के अध्यक्ष वी. श्रीनिवास ने गुरुवार को ग्रीस की राजधानी एथेंस में आईआईएएस शासन सूचकांक के प्रारंभिक स्वरूप का अनावरण किया। यह कार्यक्रम इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ स्कूल्स एंड इंस्टीट्यूट्स ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन (आईएएसआईए) के 2026 सम्मेलन के दौरान आयोजित हुआ। यह सूचकांक 50 संकेतकों और आठ स्रोतों के आधार पर शासन के छह प्रमुख आयामों पर 164 देशों का आकलन करता है। इसका उद्देश्य सार्वजनिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली को समझने और सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान के लिए वैश्विक स्तर पर एक आधार उपलब्ध कराना है। आईआईएएस के अध्यक्ष वी. श्रीनिवास के नेतृत्व में यह सूचकांक संस्थान की एक शोध परियोजना के तहत विकसित किया गया है।

नया नियम केंद्र का टेलिकॉम ऑपरेटर्स को 1 नवंबर से सर्विस शुरू करने का निर्देश

स्क्रीन पर दिखेगी कॉल करने वाले की पूरी डिटेल्स

नई दिल्ली/संचार जगत



भारतीय मोबाइल यूजर्स को अब जल्द ही अनजान नंबरों से आने वाली अनचाही कॉल्स और स्पैम कॉल्स से हमेशा के लिए छुटकारा मिलने वाला है। भारत सरकार देश के सभी मोबाइल यूजर्स के लिए एक नया और जरूरी कॉलर आईडी नियम लागू करने जा रही है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने सभी टेलीकॉम कंपनियों (टीएसपीएस) को 1 नवंबर 2026 से पूरे देश में कॉलिंग नेम प्रेजेंटेशन (सीएनएपी) सर्विस शुरू करने का निर्देश जारी कर दिया है।

आपको बता दें कि ये भारत का अपना ऑफिशियल और वेरिफाइड कॉलर आइडेंटिफिकेशन सिस्टम होगा। ये स्क्रीन पर फोन करने वाले का नंबर और उसका असली नाम दिखाएगा। असली नाम मतलब जिसके नाम पर सिम ली गई थी, वह दिखाया जाएगा। सरकार के नए आदेश के अनुसार, ये सीएनएपी सर्विस देश के सभी 4जी और 5जी मोबाइल नेटवर्क पर बाय-डिफॉल्ट यानी अपने आप एक्टिवेट रहेगी।

(शेष पेज 8 पर)

साइबर ठगी रोकने की कोशिश

भारत सरकार, सरकारी एजेंसियां और भारतीय बैंक मिलकर लंबे समय से साइबर फ्रॉड को रोकने की दिशा में काम कर रहे हैं। अक्सर अनजान नंबर से आने वाले कॉल साइबर ठगों के भी होते हैं। ऐसे में स्पैम अलर्ट नाम का फीचर शुरू किया। अगर कोई अनजान नंबर से कॉल आता है, तो नंबर के साथ स्पैम कॉल लिखा होता है। ऐसे में यूजर्स कॉल उठाने से पहले ही अलर्ट हो जाते हैं। अब नाम दिखाने से यूजर्स को सहूलियत होगा। इससे पहले बहुत से लोग अनजान नंबर से आने वाली कॉलर्स का नाम पता करने के लिए ट्रूकॉलर ऐप का यूज करते थे।

विदेश से आने वाले कॉल पर इंटरनेशनल कॉल लिखा दिखेगा

यदि कोई कॉल विदेश से आती है, तो स्क्रीन पर नाम के स्थान पर सीधे इंटरनेशनल कॉल लिखा हुआ दिखाई देगा। इस सिस्टम को सुरक्षा के लिहाज से बेहद कड़ा बनाया गया है। कॉल समाप्त होने के तुरंत बाद फोन करने वाले का नाम डेटाबेस से अपने आप हट जाएगा और इसे रिसीव करने वाला ऑपरेटर स्टोर करके नहीं रख सकेगा। इसके अलावा, जिन लोगों ने प्राइवेसी के लिए पहले से ही कॉलिंग लाइन आइडेंटिफिकेशन रिस्ट्रिक्शन की सरकारी सुविधा ले रखी है, उनका नाम स्क्रीन पर डिस्प्ले नहीं किया जाएगा।

डीपीएल लारजेस्ट डॉक्टर क्रिकेट टूर्नामेंट के खिताब से सम्मानित

संचार जगत



जयपुर। डॉक्टरों के बीच खेल भावना, आपसी समन्वय और स्वास्थ्य के क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों को खेल के माध्यम से जोड़ने वाला डॉक्टर्स प्रीमियर लीग लगातार 18 वर्षों से आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान 700 से अधिक डॉक्टर क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। डीपीएल की इसी उपलब्धि के उपलक्ष्य में विशेष समारोह आयोजित किया गया, जिसमें इंडियन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की ओर से डीपीएल लारजेस्ट डॉक्टर क्रिकेट टूर्नामेंट के खिताब से सम्मानित किया गया। समारोह में इंडियन बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की ओर से नरविजय ने डीपीएल को यह सम्मान प्रदान किया। डीपीएल के चेयरमैन डॉ. शिवराज सिंह राठौड़ के नेतृत्व में आयोजित इस क्रिकेट प्रतियोगिता ने पिछले 18 वर्षों से निरंतर आयोजन के माध्यम से डॉक्टरों के बीच खेल संस्कृति को प्रोत्साहित किया है। वहीं, महिला डीपीएल की चेयरमैन डॉ. रिम्मी शेखावत महिला डॉक्टरों की खेल भागीदारी को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इस अवसर पर डॉ. युवराज सिंह, डॉ. अरुण सोनी, डॉ. अमित वाल्या, डॉ. राजीव वशिष्ठ, डॉ. संजय पाहवा, डॉ. अनुराग शर्मा, डॉ. शाहिद, डॉ. विकास झारवाल, डॉ. चांदनी शेखावत सहित अन्य गणमान्य चिकित्सक उपस्थित रहे। डीपीएल को मिला यह सम्मान प्रतियोगिता की निरंतरता, व्यापक भागीदारी और डॉक्टरों के बीच खेल भावना को बढ़ावा देने के प्रयासों की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह आयोजन चिकित्सा जगत से जुड़े लोगों को खेल के माध्यम से एक मंच पर लाने और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में भी अहम भूमिका निभा रहा है।

सीजेपी के तिरंगा मार्च पर रोक से कोर्ट का इनकार

दिल्ली पुलिस को हर वैध संभव कदम उठाने का दिया निर्देश

नई दिल्ली/संचार जगत

आज कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में तिरंगा मार्च


कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने शुक्रवार, 16 अक्टूबर को दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित सेंट्रल पार्क में तिरंगा मार्च निकालने का आह्वान किया है। दीपके ने इसकी घोषणा बुधवार को की थी। दीपके के दो साथियों को आशुतोष रांका और सौरव दास को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किया गया था।

रांका और सौरव की गिरफ्तारी के बाद दीपके ने यह तिरंगा मार्च बुलाया है। लेकिन कनॉट प्लेस का सेंट्रल पार्क प्रदर्शन के लिए अधिकृत नहीं है। सीजेपी को यहां प्रदर्शन की पुलिस से इजाजत नहीं मिली है। इस बीच दिल्ली हाई कोर्ट ने सीजेपी की इस प्रस्तावित तिरंगा मार्च के मामले में सख्ती दिखाई है। हाई कोर्ट ने पुलिस को हर वैध संभव कदम उठाने का निर्देश दिया है। हालांकि हाई कोर्ट ने इस प्रदर्शन पर रोक लगाने से इनकार किया है। दरअसल दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली पुलिस के उस आश्वासन को दर्ज कर लिया, जिसमें कहा गया है कि शुक्रवार को कनॉट प्लेस में सीजेपी द्वारा प्रस्तावित विरोध-प्रदर्शन को नियंत्रित करने के लिए कानून के तहत सभी संभव कदम उठाए जाएंगे।

यमन में हूतियों ने राष्ट्रपति भवन पर दागी मिसाइलें, चार लोगों की मौत

हमले के समय प्रधानमंत्री और कई मंत्री परिसर में मौजूद थे

नई दिल्ली/संचार जगत



यमन में हूतियों ने सऊदी अरब के समर्थन वाली सरकार को निशाना बनाते हुए अंतरिम राजधानी अदन में राष्ट्रपति भवन परिसर पर कई मिसाइलें दागीं। इस हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई, जिनमें दो सुरक्षाकर्मी शामिल हैं। यमन के सूचना मंत्रालय ने हमले की पुष्टि की है। हमले के समय पीएम और कई मंत्री परिसर में मौजूद थे।

हालांकि, सरकार के शीर्ष अधिकारी बाल-बाल बच गए। राष्ट्रपति भवन परिसर के आसपास कम से कम पांच जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई। हमले के बाद परिसर के ऊपर धुएं का बड़ा गुबार दिखाई दिया। कम से कम पांच मिसाइलें परिसर से टकराईं। हूतियों ने इस हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि उन्होंने अदन में सऊदी अरब के सैन्य अभियान मुख्यालय को निशाना बनाया है। हूती सैन्य प्रवक्ता याह्या सरी ने कहा कि यह हमला सऊदी अरब की सैन्य तैनाती को निशाना बनाने की उनकी घोषित नीति का हिस्सा है। जहां भी सऊदी सेना की सैन्य गतिविधियां और जमावड़ा देखी जाएगी, उस जगह को निशाना बनाएगा। सऊदी समर्थित यमन की सेना ने आरोप लगाया कि हूतियों ने सऊदी अरब के कई एयरपोर्ट, बंदरगाह और तेल ठिकानों पर हमले की कोशिश की है।

नेटफ्लिक्स ने 1000 कर्मियों को नौकरी से निकाला

नई दिल्ली, आरएनएन। धीमी पड़ती ग्रोथ और दर्शकों के लिए बढ़ती कड़ी प्रतिस्पर्धा से निपटने के लिए, स्ट्रीमिंग दिग्गज नेटफ्लिक्स ने 2022 के बाद अपनी सबसे बड़ी छंटनी करते हुए लगभग 1,000 कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, इन छंटनी से कंपनी के कुल कर्मचारियों का लगभग 6 प्रतिशत हिस्सा प्रभावित होगा, और इनमें से अधिकांश कटौतियां प्रॉडक्ट, टेक्नोलॉजी, लीगल और ह्यूमन रिसोर्सेज टीमों में होने की उम्मीद है। नेटफ्लिक्स के सह-सीईओ टेड सारंडोस और ग्रेग पीटर्स ने बुधवार को एक ईमेल के जरिए कर्मचारियों को इस फैसले की जानकारी दी।

प्रमुख शासन सचिव ने किया राजस्थान संपर्क 181 का निरीक्षण

संचार जगत

जयपुर। सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव नवीन जैन ने गुरुवार को शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क 181 कॉल सेंटर का निरीक्षण किया तथा संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की।

जैन ने बैठक में सामान्य प्रशासन एवं नागरिक उड्?डयन विभाग से शिकायतों की प्रकृति एवं प्रवृत्ति, विषयवार प्राप्त शिकायतों, उनके निस्तारण में लगने वाले समय तथा शिकायतों के समाधान के बाद प्राप्त फीडबैक की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने शिकायतों के विषय (सब्जेक्ट) में आवश्यक संशोधन करने तथा भविष्य में आने वाली शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

प्रमुख शासन सचिव ने शिकायतों के निस्तारण की वास्तविक स्थिति जानने के लिए स्वयं परिवादियों से संवाद किया। उन्होंने 181 कॉल सेंटर में परिवादियों से वीडियो कॉल पर बातचीत कर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली तथा लम्बित प्रकरणों की स्थिति जानी। उन्होंने ऐसे प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई कर शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जैन ने कहा कि राजस्थान संपर्क 181 हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों का प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही, शिकायतों के समाधान के बाद परिवादियों से प्राप्त फीडबैक के आधार पर निस्तारण की गुणवत्ता का आकलन किया जाए, ताकि आमजन को राहत प्रदान करने के साथ ही जन शिकायतों के निराकरण की व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने राजस्व की वांछित ग्रोथ के लिए दिए निर्देश

संचार जगत

जयपुर। आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने कहा कि प्रदेश सरकार की अपेक्षा के अनुरूप राजस्व की वांछित ग्रोथ प्राप्त करने के लिए गत वर्ष की तुलना में सर्कलवार आवश्यक लक्ष्य तय करते हुए योजनाबद्ध रूप से कार्य करेंगे तो अपेक्षित परिणाम प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि गत वर्ष के लक्ष्य से तुलना करते हुए अपेक्षित राजस्व अर्जन के लिए 15 से 20 प्रतिशत की वांछित ग्रोथ सुनिश्चित की जानी चाहिए। आबकारी आयुक्त विडियों कांफ्रेंस के माध्यम से विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विभागीय समीक्षा वीसी में राजस्व, निरोधात्मक गतिविधियों, बकाया वसूली के संबंध में विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

आबकारी आयुक्त ने वीसी में अक्टूबर माह में 13 अक्टूबर तक राजस्व अर्जन के संबंध में जोनवार, जिलेवार समीक्षा करते हुए राजस्व प्रगति में पिछड़ रहे जोन एवं जिलों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान करते हुए कहा वांछित राजस्व अर्जन के लिए राजस्व के राज्य औसत के समकक्ष आने के लिए सर्कलवार रिव्यू करते हुए अपनी टीम को सजगता से योजनाबद्ध रूप से कार्य के लिए प्रेरित करते हुए अक्टूबर माह के आगामी 15 दिवस के लिए कार्ययोजना तैयार करते हुए वांछित लक्ष्य प्राप्त कर



सकेंगे। वीसी में राजस्व लक्ष्य में पिछड़ रहे कोटा, भरतपुर, उदयपुर एवं बीकानेर जोन के अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन एवं प्रतापगढ़, बांसवाड़ा, श्रीगंगानगर, दौसा, बूंदी, धौलपुर, कोटा आदि जिलों के डीईओ को आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

प्रथम चरण में 794 मतदान केंद्रों के लिए 7,940 मतदाता सूचियों की हो रही जांच

संचार जगत

जयपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में चिह्नित मतदाता सूचियों की कार्यकारी प्रतियों की जांच के संबंध में संबंधित अधिकारियों एवं कार्मिकों का प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदान केंद्र की मतदाता सूची की 10 प्रतियां तैयार करवाई जाएं तथा सभी सूचियों के प्रत्येक पृष्ठ पर संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी के हस्ताक्षर एवं मुहर सुनिश्चित की जाए। मतदाता सूचियों में पुरुष, महिला एवं अन्य मतदाताओं की कुल संख्या का मिलान किया जाए। विलोपन सूची के नाम लाल स्याही से काटे जाएं तथा विलोपित नामों के क्रमांक यथावत रखे जाएं। इसके साथ ही अनुपस्थित, स्थानांतरित एवं मृत मतदाताओं की सूचियों की जांच करने, नामों की पुनरावृत्ति रोकने तथा कार्यकारी प्रतियों को सुव्यवस्थित रूप से बांधकर रखने के निर्देश दिए गए।



कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा की उपस्थिति में विधिवत पूजन के साथ हुआ शिलान्यास

भामाशाह के सहयोग से संवरेगा सवाई माधोपुर का मानटाउन बालिका विद्यालय, छह नए स्मार्ट कक्षा-कक्षों का शिलान्यास

संचार जगत

जयपुर। सवाई माधोपुर जिले के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मानटाउन में भामाशाह ओमप्रकाश अग्रवाल के सहयोग से विद्यालय विकास कार्यों का विधिवत पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपने माता-पिता की स्मृति में विद्यालय के विकास के लिए किए जा रहे इस सहयोग से विद्यालय में अध्ययनरत करीब एक हजार बालिकाओं को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा रहे। उन्होंने विधिवत पूजन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने शिक्षा के क्षेत्र में जनभागीदारी एवं भामाशाहों के योगदान को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने तथा सरकारी विद्यालयों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए समाज के सक्षम लोगों से आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यालय विकास के लिए भामाशाह ओमप्रकाश अग्रवाल की पहल की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायी बताया।

दो दिवसीय कार्यशाला में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति और सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने पर हुआ मंथन

मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं और एचपीवी टीकाकरण को मजबूत बनाए,

संचार जगत



जयपुर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) और यूनिसेफ के संयुक्त समन्वय से जयपुर के एक होटल में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने तथा एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और यूनिसेफ की टीम ने भाग लेकर विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति और उन्हें अधिक प्रभावी बनाने पर चर्चा की।

इस अवसर पर प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती गायत्री राठौड़ ने बताया कि कार्यशाला में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने, टीकाकरण कार्यक्रम को मजबूत बनाने और गर्भवती महिलाओं को समय पर आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान, प्रसव पूर्व सभी जरूरी जांच और नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करने के संबंध में भी चर्चा की गई।

उन्होंने बताया कि कार्यशाला में एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम को प्रभावी तरीके से लागू करने के लिए कार्ययोजना तैयार करने, स्वास्थ्यकर्मियों के बीच बेहतर समन्वय बनाने, लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचने और आमजन में जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। इसके साथ ही नियमित टीकाकरण कार्यक्रम के तहत मीजल्स-रूबेला टीके की पहली और दूसरी खुराक सहित अन्य टीकाकरण सेवाओं की समीक्षा की गई। टीकाकरण सत्रों का बेहतर आयोजन करने और निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के लिए आवश्यक कदमों पर भी विचार-विमर्श किया गया।

अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम डॉ. टी. शुभमंगला ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य राज्य और जिला स्तर के अधिकारियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना तथा स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता में सुधार करना है। उन्होंने निर्धारित स्वास्थ्य लक्ष्यों को हासिल करने के लिए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर उसके अनुसार काम करने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यशाला में निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, निदेशक आरसीएच डॉ. मधु रतेश्वर, परियोजना निदेशक टीकाकरण डॉ. रघुराज सिंह तथा यूनिसेफ नई दिल्ली की टीम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

107वें जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेले का आगाज

मेले हमारी संस्कृति, परम्पराओं को सहेजने व रोजगार के माध्यम : गृह राज्यमंत्री

संचार जगत



जयपुर। श्री जसवंत प्रदर्शनी एवं पशु मेले का शुभारंभ गुरुवार को भरतपुर जिला मुख्यालय पर विधि-विधान से ध्वजारोहण के साथ हुआ। गृह राज्य एवं पशुपालन राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम और जिला कलक्टर कमर चौधरी ने पूजा-अर्चना के बाद ध्वजारोहण किया और फीता खोलकर मेले का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर मेयर अनुराधा सिंह सहित जनप्रतिनिधि और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। गृह राज्य मंत्री ने कहा कि मेले हमारी संस्कृति और परंपराओं को सहेजने के साथ रोजगार के अवसर उपलब्ध कराते हैं। इनके माध्यम से आमजन को जरूरत का सामान भी मिलता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार मेलों के वैभव को बनाए रखने और उनके संरक्षण के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि रियासतकाल में उन्नत पशुपालन को बढावा देने के लिए यह मेला स्थानीय किसानों एवं पशुपालकों का केन्द्र था, व्यापारीवर्ग को भी इस मेले से आय होती थी। वहीं आमजन को रोजमर्रा की जरूरतों का सामान एक ही स्थान पर उपलब्ध हो जाता था उन्होंने बताया कि महाराजा किशन सिंह ने वर्ष 1920 में अपने दादा महाराजा जसवंत सिंह की स्मृति में इस मेले की शुरुआत की थी। पूर्वी राजस्थान की पहचान बन चुका यह मेला 107वीं बार आयोजित हो रहा है।

मेला अधिकारी एवं पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. अरविंद चौधरी ने बताया कि 1920 से शुरू हुआ यह मेला राज्य के 10 प्रमुख मेलों में शामिल है।

सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय में कैम्पस प्लेसमेंट शिविर एवं कॅरियर सेमिनार आयोजित

366 आशार्थियों का नियोजन एवं 28 का प्रशिक्षण हेतु चयन, लगभग 500 युवाओं ने लिया भाग

संचार जगत



जयपुर। संभागीय रोजगार कार्यालय, जयपुर ने गुरुवार को सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय, जयपुर में एक दिवसीय कैम्पस प्लेसमेंट शिविर एवं कॅरियर सेमिनार का आयोजन किया गया।

कॅरियर सेमिनार में रोजगार कार्यालय की संयुक्त निदेशक नवरेखा ने विद्यार्थियों एवं आशार्थियों को अपने कौशल का विकास कर रोजगार के अवसरों का लाभ उठाने के लिये प्रेरित किया। उन्होने युवाओं को विभागीय योजनाओं, रोजगार की संभावनाओं तथा कौशल प्रशिक्षण के महत्व के संबध में जानकारी प्रदान की।

इस दौरान अनाम कुमार ने वर्तमान समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते उपयोग, उनके व्यावहारिक महत्व तथा विभिन्न क्षेत्रों में उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। कुमार ने विदेशों में रोजगार के अवसरों, इसके लिए आवश्यक कौशल तथा वैश्विक स्तर पर कॅरियर निर्माण की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को नई तकनीक अपनाने एवं अपने कौशल को विकसित करने के लिये प्रेरित किया।

शिविर में उपस्थित निजी क्षेत्र के विभिन्न सेक्टर के 25 नियोजकों द्वारा आशार्थियों की योग्यता एवं कौशल के अनुरूप प्रारम्भिक चयन की प्रक्रिया संपादित की गई। साथ ही, युवाओं को निजी क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के अवसरों एवं भविष्य में कॅरियर निर्माण की संभावनाओं से अवगत कराया गया। शिविर में लगभग 500 बेरोजगार आशार्थियों ने भाग लिया। शिविर में 394 बेरोजगार आशार्थियों का प्राथमिक चयन कर लाभान्वित किया गया।

इनमें से 366 आशार्थियों का विभिन्न पदों पर नियोजन एवं 28 आशार्थियों का प्रशिक्षण हेतु चयन किया गया। शिविर में सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय के प्रो. डॉ. उपेन्द्र पण्डेल, अध्यक्ष, प्रो. डॉ. रितू गिलहोत्रा , उपाध्यक्ष, मेजर जनरल(रि.) सतवीर सिंह, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, जसबीर चावला, ट्रैनिंग एंव प्लेसमेंट हैड तथा राघवेन्द्र सिंह, जिला कौशल समन्वयक, आरएसएलडीसी, रोजगार विभाग से सुमन कुम्पावत, सहायक निदेशक, चन्द्रप्रकाश मीणा, क. रोजगार अधिकारी, राजेश कुमार, निर्मला शर्मा, रजनी गोयल एवं ज्योति कुमारी शर्मा ने भाग लिया।

राजस्थान में विशेष अभियान के तहत फॉर्म-6 के 4.80 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त

संचार जगत

जयपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजस्थान में 1 अक्टूबर 2026 से 18-19 वर्ष आयु वर्ग के युवा मतदाताओं तथा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित रहे सभी पात्र व्यक्तियों के पंजीकरण हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बताया कि 14 अक्टूबर 2026 तक राज्य में फॉर्म-6 के कुल 4,80,893 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 18-19 आयु वर्ग के 2,67,946 तथा 20 वर्ष एवं अधिक आयु वर्ग के 2,12,947 आवेदन शामिल हैं।

महाजन ने बताया कि अभियान के अंतर्गत इलेक्टोरल लिटरेसी क्लब (ELC), बूथ लेवल अधिकारियों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों तथा स्वीप टीमों द्वारा समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का नई दिल्ली दौरा



केन्द्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी और केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल से की मुलाकात

संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान गुरुवार को केन्द्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा तथा शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी और केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल से मुलाकात कर महत्वपूर्ण परियोजनाओं और विषयों पर सार्थक चर्चा की। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी से मुलाकात के दौरान प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार, प्रदेश की ऊर्जा आवश्यकताओं सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान इन क्षेत्रों में केंद्र सरकार के सहयोग से प्रदेश में हो रहे विकास कार्यों और युवाओं के लिए रोजगार के अवसरों पर भी गहन विचार-विमर्श हुआ। इससे पहले मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री से भेंट कर यमुना जल समझौता, किशाऊ बहुद्देशीय परियोजना, राम जलसेतु लिंक परियोजना और नर्मदा परियोजना के लिए उनका आभार व्यक्त किया। साथ ही, उन्होंने प्रदेश में जल प्रबंधन, पेयजल उपलब्धता और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से संबंधित विषयों पर सार्थक विस्तृत चर्चा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार प्रदेश के विकास और प्रदेशवासियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से ऊर्जा, शिक्षा, जल उपलब्धता, सिंचाई आदि के साथ-साथ रोजगार के नए अवसरों पर केन्द्रित होकर कार्य किया जा रहा है।

जनसमस्याओं को लेकर एक्शन में डिप्टी सीएम, विद्याधर नगर के वार्ड 20 में पहुंचीं दिया कुमारी , अधिकारियों को समाधान के दिए निर्देश

संचार जगत



जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 20 की विभिन्न कॉलोनियों का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने जगह-जगह उनका स्वागत किया।

दौरे के दौरान दिया कुमारी ने कॉलोनियों में पहुंचकर लोगों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान स्थानीय निवासियों ने सड़क, पानी, बिजली सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं उपमुख्यमंत्री के सामने रखीं।

इस पर दिया कुमारी ने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आमजन की समस्याओं के निस्तारण में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दौरे के बाद उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों और स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर वार्ड की समस्याओं तथा उनके समाधान को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं को लेकर वह गंभीर हैं। इसी उद्देश्य से वह स्वयं लोगों के बीच पहुंचकर उनकी परेशानियां सुन रही हैं, ताकि समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान किया जा सके।



दिया कुमारी ने कहा कि जनसमस्याओं को सुनने और उनके समाधान का यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने स्थानीय लोगों से अपने वार्ड को सुंदर, स्वच्छ और व्यवस्थित बनाने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष अजय चौहान पार्षद उदिता सिंह, मंडल अध्यक्ष माल सिंह सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जयपुर में सोढाला के पास मेट्रो पिलर पर चढ़ा युवक

संचार जगत



जयपुर। गुरुवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक युवक अचानक मेट्रो के पिलर पर चढ़ गया। मामला सोडाला थाना क्षेत्र का है, जहां करीब दोपहर 1 बजकर 20 मिनट पर युवक को पिलर पर चढ़ा देखकर मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। युवक को सुरक्षित नीचे उतारने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। दमकल कर्मियों ने पिलर पर सीढ़ी लगाई और करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद युवक को नीचे उतार लिया। सिविल डिफेंस की टीम को भी मौके पर भेजा गया था, लेकिन उससे पहले ही दमकल टीम ने रेस्क्यू पूरा कर लिया। पुलिस के मुताबिक, युवक का नाम संजू तुकाराम पोसरे है और वह महाराष्ट्र के गढ़चिरौली का रहने वाला है। फिलहाल वह जयपुर में रह रहा था। युवक को नीचे उतारने के बाद पुलिस उसे थाने ले गई, जहां उससे पूछताछ की गई। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आखिर युवक मेट्रो के पिलर पर क्यों चढ़ा था। शुरुआती पूछताछ में वह ज्यादा जानकारी नहीं दे पाया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पाबंद किया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

मुख्यमंत्री ने प्रह्लाद जोशी से ऊर्जा और शिक्षा सहित कई विषयों पर की चर्चा

संचार जगत



जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय शिक्षा, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी से मुलाकात की। यह उच्चस्तरीय बैठक राजस्थान के रणनीतिक विकास, ऊर्जा स्वतंत्रता और शैक्षिक सुदृढ़ीकरण की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बैठक के दौरान मुख्य रूप से राजस्थान में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार को लेकर गहन मंथन हुआ। राजस्थान देश में सोलर और विंड एनर्जी के क्षेत्र में अग्रणी राज्यों में शुमार है। ऐसे में प्रदेश की भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने, ग्रिड इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने और हरित ऊर्जा उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए केंद्रीय मंत्री के साथ रूपरेखा तैयार की गई। केंद्र सरकार के सहयोग से राज्य में ऊर्जा क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने पर भी सहमति बनी, जिससे आने वाले समय में न केवल घरेलू बल्कि औद्योगिक जरूरतों के लिए भी निरंतर और सस्ती बिजली उपलब्ध हो सकेगी। ऊर्जा के अलावा शिक्षा के क्षेत्र को और अधिक उन्नत बनाने के मुद्दों पर भी दोनों नेताओं के बीच सकारात्मक चर्चा हुई। प्रदेश के दूरदराज और ग्रामीण इलाकों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करने, ढांचागत सुधारों को गति देने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर विचार-विमर्श किया गया। युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने हेतु कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के उपायों पर भी बल दिया गया। बैठक के पश्चात मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार राजस्थान के चहुंमुखी विकास और प्रदेशवासियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के साझा प्रयासों से ऊर्जा, शिक्षा और रोजगार के नए अवसरों का सृजन हो रहा है, जिससे 'विकसित राजस्थान' के हमारे संकल्प को तेजी से जमीन पर उतारा जा रहा है। इस उच्चस्तरीय भेंट से दोनों विभागों से जुड़ी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आएगी।

जयपुर परकोटे में जाम से निपटने को ई-रिक्शा पर सख्ती



संचार जगत

जयपुर । परकोटे में ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए यातायात पुलिस अब ई-रिक्शा के संचालन पर सख्ती करेगी। नई व्यवस्था के तहत परकोटे में चलने वाले करीब सात हजार ई-रिक्शा के संचालन पर नियंत्रण किया जाएगा, जबकि निर्धारित क्षेत्र में केवल दो सौ पचास ई-रिक्शा को चलाने की अनुमति होगी। चारदीवारी क्षेत्र के प्रमुख बाजारों और संकरी सड़कों पर ई-रिक्शा की बढ़ती संख्या के चलते यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इसी को देखते हुए अब ई-रिक्शा के संचालन को डिजिटल व्यवस्था से जोड़ने की तैयारी है। यह नई व्यवस्था 19 अक्टूबर से लागू हो रही है। इसके तहत पंजीकृत ई-रिक्शा पर निर्धारित रंग की पट्टी और क्यूआर कोड लगाया जाएगा। इससे वाहन और चालक की पहचान करना आसान होगा। वहीं, बिना पंजीकरण और क्यूआर कोड के निर्धारित नियमों का उल्लंघन करने वाले ई-रिक्शा चालकों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा सकती है।

खराब मौसम के चलते हवाई यातायात हुआ प्रभावित



संचार जगत

जयपुर। दिल्ली-एनसीआर में खराब मौसम के चलते हवाई यातायात प्रभावित हुआ है और चार फ्लाइट्स को जयपुर डायवर्ट करना पड़ा। इन विमानों में एक इंटरनेशनल फ्लाइट भी शामिल है। सबसे खास बात ये है कि नांदेड़ से गाजियाबाद जा रही स्टार एयर की फ्लाइट में बीजेपी सांसद स्वामी साक्षी महाराज भी सवार थे, लेकिन खराब मौसम के कारण विमान गाजियाबाद में लैंड नहीं कर पाया और उसे जयपुर भेजना पड़ा। मौसम खराब होने से तीन फ्लाइट्स को डायवर्ट किया गया, जबकि एक फ्लाइट को दिल्ली एयरपोर्ट पर एयर ट्रैफिक कंजेशन के चलते जयपुर लाया गया। डायवर्ट होने वाली फ्लाइट्स में भुवनेश्वर से दिल्ली जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट, नांदेड़ से गाजियाबाद जा रही स्टार एयर की फ्लाइट और मकाउ से दिल्ली आ रही एक इंटरनेशनल फ्लाइट शामिल हैं।

एसीएस शिक्षा ने विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

संचार जगत

जयपुर। विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर शैक्षणिक वातावरण और विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश यादव ने जयपुर के पालड़ी मीणा स्थित सरदार रामसिंह मेमोरियल महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान यादव ने विद्यालय के विद्यार्थियों के परीक्षा परिणामों का अवलोकन किया। उन्होंने विद्यार्थियों की वर्कबुक एवं शिक्षकों की दैनिक डायरी को देखकर शिक्षण कार्य की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में अध्यनरत छात्र-छात्राओं और शिक्षकों से विभिन्न विषयों में अब तक करवाए गए कोर्स की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों से विभिन्न विषयों पर प्रश्न कर पाठ्यक्रम में जानकारी भी ली। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने विद्यालय में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं एवं भौतिक संसाधनों का जायजा लिया। साथ ही, विद्यार्थियों को उपलब्ध कराए जा रहे मध्याह्न भोजन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर विद्यालय में सुविधाओं की स्थिति का अवलोकन किया।

प्रमुख शासन सचिव ने किया राजस्थान संपर्क 181 का निरीक्षण

संचार जगत

जयपुर। सामान्य प्रशासन विभाग के प्रमुख शासन सचिव नवीन जैन ने सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क 181 कॉल सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में सामान्य प्रशासन एवं नागरिक उड्डयन विभाग से शिकायतों की प्रकृति एवं प्रवृत्ति, विषयवार प्राप्त शिकायतों, उनके निस्तारण में लगने वाले समय और शिकायतों के समाधान के बाद प्राप्त फीडबैक की जानकारी ली। उन्होंने शिकायतों के विषय में आवश्यक संशोधन करने और भविष्य में आने वाली शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रमुख शासन सचिव ने शिकायतों के निस्तारण की वास्तविक स्थिति जानने के लिए स्वयं परिवादियों से संवाद किया। उन्होंने 181 कॉल सेंटर में परिवादियों से वीडियो कॉल पर बातचीत कर उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली तथा लम्बित प्रकरणों की स्थिति जानी। उन्होंने ऐसे प्रकरणों में संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई कर शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

16 साल से फरार दो स्थायी वारंटी गिरफ्तार

संचार जगत

जयपुर। जयपुर की मानसरोवर थाना पुलिस ने लगभग 16 साल से फरार चल रहे दो स्थायी वारंटियों को हैदराबाद से जयपुर लौटते ही गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी वर्ष 2008-09 में 'मैसर्स श्योर फ्यूचर मल्टीट्रेड प्राइवेट लिमिटेड' नाम से कंपनी बनाकर चेन-सिस्टम के जरिए सैकड़ों लोगों से ठगी करने के मामले में लंबे समय से वांछित थे। ये दोनों आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए अलग-अलग राज्यों और जिलों में लगातार अपने ठिकाने बदल कर रह रहे थे। डीसीपी साउथ राजर्षि राज ने जानकारी दी कि आगामी त्योहारों और दीपावली के मद्देनजर फरार वांछित अपराधियों व स्थायी वारंटियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

राहुल गांधी बार-बार रिलॉन्च होने वाली मिसाइल, कभी टारगेट तक नहीं पहुंचती: शेखावत

संचार जगत



जयपुर । केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस और विपक्षी दलों के आंदोलनों पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि जो कुछ हो रहा है, वह लोकतांत्रिक भारत के लोकतंत्र के सामने सबसे बड़ा संकट पैदा करने का प्रयास है और इसे बहुत डिजाइन्ड तरीके से खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन मौका परस्त लोगों का गठबंधन है। शेखावत ने कहा कि यह ऐसे लोगों का गठबंधन है, जिनको जनता ने लोकतंत्र के समर में सर्वथा नकार दिया है, उन लोगों का मजबूरीवश बना हुआ गठबंधन है। शेखावत ने कहा कि पिछले वर्षों में एक ही पैटर्न से अलग-अलग आंदोलन खड़े किए गए। राहुल गांधी पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि दुनिया में बहुत सारी चीजें नई आती हैं, लॉन्च होती हैं, वो लॉन्च होकर बड़ी होती हैं। लेकिन कुछ लोग ऐसे होते हैं जो हर साल लॉन्च होने की कोशिश करते हैं और बार-बार रिलॉन्च होते रहते हैं। राहुल गांधी उस रिलॉन्च होने वाली मिसाइल हैं जो बार-बार रिलॉन्च होती है, कभी टारगेट तक पहुंचती नहीं।

नारी चौपाल-सशक्त बालिका-सुरक्षित समाज सप्ताह का आयोजन

संचार जगत

जयपुर। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर राज्यभर में 11 से 16 अक्टूबर 2026 तक 'नारी चौपाल-सशक्त बालिका-सुरक्षित समाज' सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष सप्ताह का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं और महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण, लैंगिक समानता, बाल विवाह निषेध, शिक्षा और आत्मरक्षा के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना है।11 अक्टूबर को अभियान के पहले दिन जिला स्तर पर जागरूकता रैलियों और शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। नगरीय क्षेत्रों में रैलियां: महिला अधिकारिता विभाग के तत्वावधान में नगरीय क्षेत्रों में रैलियां निकाली गई।

आईआईसी में आज होगा प्रवासी राजस्थानी संवाद कार्यक्रम

संचार जगत



जयपुर। प्रवासी राजस्थानी समुदाय के साथ नियमित और संस्थागत जुड़ाव को मज़बूत करने की दिशा में एक अहम कदम के तौर पर, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, राजस्थान एवं डीओआरए की ओर से आज आरआईसी में प्रवासी राजस्थानी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा होंगे। इसमें वे राजस्थान फाउंडेशन के देश-विदेश के चैप्टर प्रेसिडेंट्स और एनआरआर प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्रीगण दिया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा और जयपुर के महापौर सुनील कोठारी भी मंच पर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में राजस्थान फाउंडेशन के कई चैप्टर प्रेसिडेंट्स और एनआरआर प्रतिनिधि शामिल होंगे, जबकि अन्य लोग वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ेंगे। प्रवासी राजस्थानी संवाद के दौरान, सरकार प्रदेश में प्रवासी समुदाय एवं निवेशकों की भागीदारी को बढ़ाने और एमओयू को ज़मीनी स्तर पर तेज गति से लागू करने के लिए उठाए गए कदमों पर चर्चा की जाएगी। यह कार्यक्रम 10 दिसंबर को होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस के दूसरे संस्करण से पहले प्रवासियों से जुड़ाव और आउटरीच के तौर पर आयोजित किया जा रहा है।

औचक निरीक्षणों में गंभीर अनियमितता सामने आई : मीणा

संचार जगत



जयपुर। किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने तथा बीजों की गुणवत्ता में अनियमितता करने वाली फर्मों के विरुद्ध कार्रवाई के क्रम में किए गए औचक निरीक्षणों में गंभीर अनियमितता सामने आई है। निरीक्षण के दौरान लिए गए मूंगफली के बीज नमूनों में से ग्रो आउट टेस्ट के जरिए जांचे गए 15 नमूनों में 14 नमूने आनुवंशिक शुद्धता के निर्धारित मानकों पर अमानक पाए गए, जबकि केवल एक नमूना मानक पाया गया। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने बताया कि विभाग को सूचना मिली थी कि कुछ व्यापारी एवं फर्म किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज उपलब्ध कराने के बजाय बाजार से अनाज खरीदकर उसे बीज के रूप में आकर्षक पैकिंग में पैक कर बेच रहे हैं। इस सूचना के आधार पर गोविंदगढ़, सीकर, जयपुर, सुजानगढ़, चूरू एवं बीकानेर में संबंधित फर्मों का विभागीय अधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण किया गया। डॉ. मीणा ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण बीजों की किस्म की पहचान एवं आनुवंशिक शुद्धता सुनिश्चित करने में ग्रो आउट टेस्ट एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक प्रक्रिया है।

एसओजी की कार्रवाई: राजस्थान में फर्जी डॉक्टरों के नेटवर्क का बड़ा खुलासा

संचार जगत





जयपुर। राजस्थान में फर्जी डॉक्टरों के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है। स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप ने विदेश से एमबीबीएस करने के बाद फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट्स एग्जामिनेशन परीक्षा पास न कर पाने वाले 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इन लोगों ने 27 से 30 लाख रुपये देकर एफएमजीई परीक्षा पास करने के फर्जी सर्टिफिकेट बनवाए। इन्हीं फर्जी कागजात के आधार पर इन्होंने मेडिकल कॉलेजों में इंटर्नशिप पूरी की और राजस्थान मेडिकल काउंसिल में रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन भी कर दिया। गिरफ्तार आरोपियों में भारत भूषण शर्मा, सौरभ शर्मा, हिमांशु शर्मा और शिवम चौधरी शामिल हैं। जांच के अनुसार, इन्होंने रूस, किर्गिस्तान और कजाकिस्तान जैसे देशों से एमबीबीएस की पढ़ाई की थी। भारत लौटने पर जब ये परीक्षा पास नहीं कर पाए, तो दलालों के माध्यम से फर्जी प्रमाण पत्र बनवा लिए। इनके आधार पर दौसा, धौलपुर, अलवर और जयपुर के मेडिकल कॉलेजों में इंटर्नशिप करने का मामला सामने आया है। एसओजी के मुताबिक, इस पूरे मामले में अब तक 22 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि 100 से ज्यादा विदेशी मेडिकल स्नातक जांच के दायरे में हैं। जांच एजेंसी को आशंका है कि इस नेटवर्क में दलालों के साथ राजस्थान मेडिकल काउंसिल के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका भी हो सकती है। फर्जी सर्टिफिकेट और रजिस्ट्रेशन के लिए प्रति व्यक्ति लाखों रुपये वसूले गए थे।

नागौर लिग्नाइट माइंस फिर होगी शुरू

कपड़ा उद्योग को राहत

संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नागौर की लिग्नाइट माइंस को तुरंत दोबारा शुरू करने के निर्देश दिए हैं। इस फैसले से भीलवाड़ा के कपड़ा उद्योग को राहत मिलने की उम्मीद है। माइंस बंद होने से लिग्नाइट की आपूर्ति प्रभावित हुई और ईंधन की बढ़ती कीमतों ने उद्योगों की मुश्किलें बढ़ा दीं। लघु उद्योग भारती की मांग पर मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक अड़चनें दूर कर माइंस का संचालन शुरू कराने के निर्देश दिए हैं। नागौर से सस्ता लिग्नाइट मिलने पर कपड़ा उद्योग की उत्पादन लागत घट सकती है।


मुख्यमंत्री ने मां चामुंडा के चरणों में किया नमन

संचार जगत

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जोधपुर स्थित ऐतिहासिक मेहरानगढ़ दुर्ग में विराजमान मां चामुंडा देवी के श्रीचरणों में नमन करते हुए प्रदेशवासियों के कल्याण और राज्य की समृद्धि की प्रार्थना की। शल मीडिया पर अपना संदेश साझा करते हुए उन्होंने कहा कि मेहरानगढ़ दुर्ग में विराजित मां चामुंडा देवी का मंदिर मारवाड़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और जन-जन की गहरी श्रद्धा का प्रतीक है। उन्होंने लिखा कि मां चामुंडा देवी समस्त प्रदेशवासियों की मनोकामनाएं पूर्ण करें और राजस्थान निरंतर प्रगति और समृद्धि के पथ पर अग्रसर रहे।

आईआईएएस गवर्नेंस इंडेक्स का प्रीव्यू हुआ लॉन्च

संचार जगत



जयपुर। राजस्थान के मुख्य सचिव और इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ एडमिनिस्ट्रेटिव साइंसेज के अध्यक्ष वी. श्रीनिवास ने ग्रीस की राजधानी एथेंस में आयोजित आईएएसआईए -2026 सम्मेलन में आईआईएएस गवर्नेंस इंडेक्स का प्रीव्यू लॉन्च किया। यह इंडेक्स दुनिया के 164 देशों की शासन व्यवस्था का व्यवस्थित आकलन करने और सार्वजनिक संस्थानों के प्रदर्शन को समझने के लिए एक वैश्विक संदर्भ उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस गवर्नेंस इंडेक्स में 50 संकेतकों और आठ डेटा स्रोतों का उपयोग किया गया है। इसके माध्यम से शासन व्यवस्था के छह प्रमुख स्तंभों के आधार पर 164 देशों का मूल्यांकन किया जाएगा। इसका उद्देश्य विभिन्न देशों की प्रशासनिक व्यवस्था का आकलन करना, सार्वजनिक संस्थानों के प्रदर्शन को समझना और शासन में सुधार की संभावनाओं की पहचान करना है। यह विशेष शोध परियोजना वी. श्रीनिवास के नेतृत्व में तैयार की गई है।

मदन राठौड़ ने गहलोत और डोटासरा पर कसा तंज

संचार जगत



जयपुर। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर बीजेपी अल्पसंख्यक मोर्चा ने विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने मुस्लिम भाइयों से कहा कि वे खुद पर किसी की छाप मत लगने दो। जो अच्छा काम करें, उसे शाबाशी दो। खातेदार मत बनो, रोकड़िया बनो। उन्होंने कहा- कांग्रेस मुसलमानों को खातेदार समझती है। वे आपको डराकर वोट लेती हैं, इसलिए अपने आप पर किसी की छाप मत लगने दो। हमारे यहां तो मुस्लिम समाज के गिनती के लोग हैं। फिर भी हमने अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती को स्टार प्रचारक बनाया। देश का हर नागरिक विकसित हो। यही हमारी प्राथमिकता है। मदन राठौड़ ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर तंज कसते हुए कहा कि यह नारा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को पसंद नहीं है, इसीलिए अशोक गहलोत को ऐसा कहना पड़ा। राठौड़ ने आगे कहा कि डोटासरा अंदरखाने अशोक गहलोत के खिलाफ हैं। जब महेंद्रजीत सिंह मालवीय ने कांग्रेस छोड़कर बीजेपी ज्वाइन की थी और पीसीसी जाने से पहले अशोक गहलोत के बंगले पर गए थे, तब डोटासरा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी थी। वह बात आज भी गहलोत को चुभती है, और उन्हें डर है कि यदि उन्होंने यह नारा लगाया तो डोटासरा फिर आपत्ति जता देंगे।

संपादकीय

वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की अहम भूमिका

वैश्विक स्तर पर पूंजी प्रवाह में बदलाव, भू-राजनीतिक आधार पर बंटते व्यापार और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव के बीच भारत विकास की बाधाओं को पीछे छोड़ते हुए बहुध्रुवीय दुनिया में एक प्रमुख आर्थिक केंद्र के रूप में उभर रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया भर में पूंजी प्रवाह, व्यापारिक रिश्तों और उद्योगों की संरचना तेजी से बदल रही है। एआई क्रांति शुरू हो चुकी है, मुक्त व्यापार समझौतों का विस्तार नए निर्यात अवसर पैदा कर रहा है और शहरीकरण की गति लगातार बढ़ रही है। इन सभी बदलावों के बीच भारत विकास में मौजूद कई बाधाओं को कम करते हुए वैश्विक व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। माना जा रहा है कि भारत का विस्तार होता मुक्त व्यापार नेटवर्क 2035 तक देश की जीडीपी में 140 अरब डॉलर से 170 अरब डॉलर तक का अतिरिक्त योगदान दे सकता है। विनिर्माण लागत कम करने और कृषि क्षेत्र से श्रमिकों को अधिक उत्पादक क्षेत्रों में स्थानांतरित करने जैसे घरेलू सुधार इन लाभों को और बढ़ा सकते हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि वैश्विक पूंजी प्रवाह अब पहले की तुलना में अधिक केंद्रित और राजनीतिक होता जा रहा है। प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच पूंजी निवेश मित्र देशों की तुलना में लगभग 40 प्रतिशत कम है, जबकि निवेश का बड़ा हिस्सा एआई और सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्रों की ओर बढ़ रहा है। अमेरिकी तकनीकी क्षेत्र की मजबूत मांग और विभिन्न देशों द्वारा दिए जा रहे निवेश प्रोत्साहनों के बीच वैश्विक पूंजी को आकर्षित करने की अपनी गति बनाए रखना भारत के लिए चुनौती हो सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, एआई भारत की आर्थिक वृद्धि दर में हर साल 0.9 प्रतिशत तक की अतिरिक्त बढ़ोतरी कर सकता है। इससे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण मदद मिल सकती है।हालांकि रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि बुनियादी ढांचे की सीमाएं एआई से मिलने वाले लाभ को कुछ हद तक सीमित कर सकती हैं। विशेष रूप से भारत का आईटी सेवा क्षेत्र अवसरों और चुनौतियों दोनों का सामना करेगा। एआई जहां कंपनियों को उच्च मूल्य वाली सेवाओं की ओर ले जा सकता है, वहीं स्वचालन कम लागत वाले श्रम आधारित मॉडल को चुनौती भी दे सकता है। रिपोर्ट में भारत के शहरीकरण को भी एक बड़ी ताकत बताया गया है। इसके अनुसार, करीब 82 करोड़ भारतीय शहरी वातावरण में रहते हैं। यदि नगर प्रशासन, बुनियादी ढांचे और भूमि उपयोग योजना को और मजबूत किया जाता है, तो यह शहरी आबादी उत्पादकता वृद्धि का एक बड़ा स्रोत बन सकती है।

म्हारी मां काळी ने जईने कहिजे गरबो रमे रे....

नवरात्रि का पर्व प्राचीन काल से ही पूजा-प्रार्थना और नृत्य-संगीत के साथ मनाया जाता रहा है। विक्रम संवत के आख़िरी महीने अश्विनी में मनाया जाने वाला यह त्योहार मातृ देवी को समर्पित है। इन नौ दिनों तक घरों और मंदिरों में देवी की पूजा-प्रार्थना की जाती है और व्रत रखा जाता है, वहीं नौ रातों तक सार्वजनिक स्थानों पर गरबा और रास का आयोजन किया जाता है। कृषि आधारित समाज में विकसित हुआ यह त्योहार मॉनसून के बाद और फसल तैयार होने के पहले मनाया जाता है। दरअसल यह पर्व शहरी और ग्रामीण इलाक़ों में समाज में बुनियादी तौर पर मौजूद उत्सव, प्रेम और रचनात्मकता के प्रतीक के तौर पर बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। गरबा नृत्य को आमतौर पर माता दुर्गा का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए गाए जाने वाले भजनों एवं गीतों के अलावा राधा-कृष्ण के प्रेम और आम ग्रामीण जनजीवन को समर्पित गीतों पर किया जाता है। इस नृत्य का साहित्यिक स्वरूप भी जगजाहिर है। गुजराती कवियों ने इसे विकसित किया तो महिलाओं ने इसे जन जन का आधार बनाया। गरबा मूल रूप से नवरात्रि के दौरान किया जाने वाला भक्ति और सामूहिक नृत्य है। पारंपरिक गरबा में बीच में मिट्टी का छेददार घड़ा रखा जाता है, जिसमें दीपक जलाया जाता है। इसे देवी शक्ति और जीवन के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। इसके चारों ओर लोग गोल घेरा बनाकर तालियों और कदमों की लय के साथ नृत्य करते हैं। गरबा शब्द का संबंध 'गर्भदीप' से माना जाता है, यानी घड़े के अंदर जलता हुआ दीपक। पहले गरबा का स्वरूप आज के बड़े स्टेज जैसा नहीं था। गांवों और मोहल्लों में लोग देवी की पूजा के बाद एक जगह इकट्ठा होते थे और रात में सामूहिक रूप से गरबा करते थे। गरबा की परंपरा पीढ़ी-दर-पीढ़ी अभ्यास, देखकर सीखने और सामुदायिक भागीदारी से आगे बढ़ी है। समय के साथ इसमें नए गीत, नृत्य की नई शैलियां और अलग-अलग पोशाकें जुड़ती गईं। पारंपरिक गरबा में सबसे महत्वपूर्ण चीज लय और गोलाकार गति है। बीच में दीपक या देवी की प्रतिमा को केंद्र मानकर लोग उसके चारों ओर घूमते हैं। शुरुआत आमतौर पर धीमी गति से होती है। तालियां बजाते हुए कदम आगे बढ़ते हैं और धीरे-धीरे नृत्य



की गति तेज होती जाती है। यूनेस्को के अनुसार, पारंपरिक गरबा में नर्तक केंद्र के चारों ओर गोलाकार दिशा में चलते हैं और तालियों के साथ गीत गाते हैं। यानी गरबा का असली उद्देश्य सिर्फ नाचना नहीं, बल्कि सामूहिक रूप से देवी शक्ति की आराधना करना था। पुराने समय में इसमें दिखावे से ज्यादा भक्ति, संगीत और सामुदायिक भागीदारी पर जोर रहता था। यही वजह है कि गरबा केवल एक नृत्य नहीं, बल्कि गुजरात की सामाजिक और धार्मिक परंपरा का हिस्सा बन गया। गरबा और डांडिया को अक्सर एक ही समझ लिया जाता है, लेकिन दोनों की शैली अलग है। गरबा में मुख्य रूप से तालियां और शरीर की लयबद्ध गतिविधियां होती हैं, जबकि डांडिया में लकड़ी की छोटी छड़ियों का इस्तेमाल किया जाता है। डांडिया रास में पुरुष और महिलाएं दोनों समूह बनाकर गोलाकार तरीके से नृत्य करते हैं और डांडिया की छड़ियों को ताल के साथ आपस में टकराते हैं। गुजरात में नवरात्रि के दौरान होने वाला गरबा नृत्य विश्वविख्यात है। समय के साथ-साथ गरबा का भी रंग-ढंग बदलता जा रहा है। मौजूदा दौर में गरबा अपने पारंपरिक स्वरूप से अलग एक व्यावसायिक आयोजन सरीखा बन गया है। महानगरों से लेकर गांव कस्बों के चौक चौराहों और गलियों में इसकी गूंज सुनाई देती है। अब यह नृत्य धार्मिक, सामाजिक दायरों से बाहर तो निकला ही है, ग्लोबल होते हुए आर्थिक और व्यावसायिक जगत का सबसे बड़ा अवसर विशेष का आयोजन बन गया है। इसका परंपरागत स्वरुप तो बरकरार है ही, व्यवसायिक स्वरुप भी काफी मजबूत हो गया है। छोटे ही नहीं, बड़े शहरों में नवरात्रि के दौरान ख़ास आकर्षण का केंद्र गरबा का आयोजन किराए की जगहों, पार्टी स्थलों, फॉर्म हाउसों और क्लबों की शान और सम्मान का प्रतीक बनता जा रहा है। अब ऐसे आयोजनों में शामिल होने के लिए टिकट लेना होता है। सामुदायिक उत्सव के बदलते इस नृत्य में शामिल होने पर बेस्ट डासंर्स और बेस्ट कॉस्ट्यूम सहित कई तरह के पुरस्कार इस आयोजन को व्यावसायिकता के दायरे में ला दिया है। ढोल की थाप और तालियों के गूंज ने इलेक्ट्रॉनिक वाद्ययंत्रों ने ले लिया है। नवरात्रि शुरू होते ही गुजरात से लेकर देश के कई शहरों तक गरबा पंडाल सजने लगते हैं। रंग-बिरंगे कपड़े, ढोल की आवाज, घूमते कदम और हजारों लोगों की भीड़ के बीच आज गरबा एक बड़े उत्सव का रूप ले चुका है। लेकिन गरबा की कहानी केवल संगीत और नाच तक सीमित नहीं है। इसकी शुरुआत देवी की आराधना और शक्ति की उपासना से जुड़ी मानी जाती है। गुजरात में नवरात्रि के नौ दिनों के दौरान देवी शक्ति के सम्मान में गरबा करने की परंपरा रही है। 2023 में गुजरात का गरबा यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में भी शामिल किया गया।समय के साथ नवरात्रि के आयोजनों में गरबा और डांडिया एक साथ होने लगे। आज कई जगह पूरे कार्यक्रम को ही गरबा नाइट कहा जाता है, जिसमें पारंपरिक गरबा, डांडिया रास, फिल्मी गीत और आधुनिक संगीत सब शामिल होते हैं।समय के साथ गरबा का स्वरूप तेजी से बदला। पहले यह घर, मंदिर, गांव या मोहल्ले में होने वाला सामुदायिक आयोजन था। अब बड़े शहरों में हजारों लोगों की क्षमता वाले मैदानों और स्टेडियमों में गरबा आयोजित होता है। बड़े मंच, डीजे, लाइव ऑर्केस्ट्रा, लाइटिंग, सेलिब्रिटी कलाकार, टिकट और प्रायोजक इसके नए रूप का हिस्सा बन चुके हैं। यूनेस्को भी मानता है कि गरबा लगातार बदलने वाली जीवंत परंपरा है। नई पीढ़ियां इसमें नए संगीत, नृत्य शैली और पहनावे जोड़ रही हैं, जबकि देवी शक्ति के चारों ओर घूमने वाली मूल परंपरा बनी हुई है। आज गरबा भक्ति, संस्कृति या मनोरंजन का मिश्रण बन चुका है। कहीं लोग अब भी पारंपरिक तरीके से देवी के सामने गरबा करते हैं, तो कहीं हजारों लोगों के बीच टिकट वाले बड़े आयोजन होते हैं। कहीं ढोल और पारंपरिक गीत हैं, तो कहीं डीजे और बॉलीवुड संगीत। यही बदलाव गरबा की सबसे बड़ी खासियत भी है। इसकी मूल पहचान देवी शक्ति की आराधना और सामूहिक नृत्य से जुड़ी है, लेकिन समय के साथ इसने खुद को नए समाज और नई पीढ़ी के हिसाब से बदला है। यूनेस्को में शामिल होना भी इसी जीवंत परंपरा की वैश्विक पहचान है।

व्यवस्थाओं के खिलाफ जंग के ऐलान का मतलब

कॉकरोच जनता पार्टी के सह संयोजक सौरभ दास ने आंदोलन रोकने के लिए सरकार की ओर से लगाई जा रही पाबंदियों और उठाए जा रहे अन्य कदमों को जनता के खिलाफ जंग करार दिया है। सौरभ दास के अनुसार सरकार ने नागरिकों के खिलाफ जंग छेड़ दी है। जंग शब्द के मायने क्या है। इसका मतलब अगर सौरभदास जैसे नौजवानों को पता होता तो वे ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करने से पहले कई बार सोचते। केवल मंच पर माइक हाथ में लेकर शब्दों के साथ खेलना नौसिखियों के लिए दुधारी तलवार जैसा होता है। युवा पीढ़ी में जोश तो होता ही है, साथ में वे जोश से भी लबरेज होते हैं। आज की युवा पीढ़ी करियर के प्रति जागरुक होने के साथ उन्हें अपने सामाजिक सरोकारों के प्रति भी जिम्मेदारी का अहसास है। लिहाजा तेजी से बदल रहे आर्थिक और सामाजिक बदलाव के साथ खुद को जोड़ते हुए युवा पीढ़ी अपनी ऊर्जा का सकारात्मक और रचनात्मक से उपयोग करते हुए व्यवस्थाओं में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने भी नहीं हिचकता। इतिहास इस बात का गवाह है कि जब भी देश के विकास



क्रम में आंतरिक और बाहरी ताकतों ने अवरोध खड़ा करने का प्रयास यह युवा पीढ़ी ही है, जो सबसे आगे रहते हुए हर चुनौतियों से मुकाबला करती आ रही है। वह अपनी बात को उचित तरीकों से उचित स्तर तक पहुंचाना जानती है, समझती है और करती भी है। ऐसे में सीजेपी के नेता हों या फिर सौरभदास जैसे युवा, जंग किसके खिलाफ छेड़ने को उतावले हो रहे हैं। व्यवस्थाओं में विसंगतियां हैं तो उसे दूर करने के लिए उचित मंच है, वहां जाकर अपनी समस्याओं को प्रभावी तरीके से उठाया जा सकता है। पिछले दिनों से सौरभदास जैसे लोगों से जिस तरह मंच का दुरुपयोग किया जा रहा है, उससे देश का युवा खुश नहीं है, लोग खुश नहीं है। सड़कों पर उतर कर अवरोध पैदा करने से समस्याएं हल नहीं हो पाएंगी। देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर आंदोलन कर रही कॉकरोच जनता पार्टी सह-संयोजक और सबसे मुखर नेता सौरभ दास पिछले कुछ दिनों से बार-बार जंग, सिविल वॉर जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। भले ही वह इसकी शुरुआत का आरोप सरकार पर मढ़ रहे हैं, लेकिन इससे कई सवाल भी उठ रहे हैं। वह इन शब्दों का क्यों इस्तेमाल कर रहे और इसके क्या मायने हैं। गठन के बाद से ही सीजेपी का नरेंद्र मोदी सरकार और भारतीय जनता पार्टी के साथ टकराव चल रहा है। पहले नीट पेपर लीक के खिलाफ लंबा आंदोलन, संसद चलो मार्च के दौरान हिंसा- सख्त पुलिसिया एक्शन धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा... क्या-क्या नहीं हुआ। गौर करने वाली बात है कि सीजेपी नेताओं ने बार-बार इस बात को दोहराया है कि उन्हें शांतिपूर्ण आंदोलन ही करना है।

ऐसे में सीजेपी के नेता हों या फिर सौरभदास जैसे युवा, जंग किसके खिलाफ छेड़ने को उतावले हो रहे हैं। व्यवस्थाओं में विसंगतियां हैं तो उसे दूर करने के लिए उचित मंच है, वहां जाकर अपनी समस्याओं को प्रभावी तरीके से उठाया जा सकता है। पिछले दिनों से सौरभदास जैसे लोगों से जिस तरह मंच का दुरुपयोग किया जा रहा है, उससे देश का युवा खुश नहीं है, लोग खुश नहीं है। सड़कों पर उतर कर अवरोध पैदा करने से समस्याएं हल नहीं हो पाएंगी। वह-बार बार अपने समर्थकों से गांधीवादी तरीके अपनाने की अपील करते हैं। लेकिन इस बीच सौरभ दास ने 7 अक्टूबर को अचानक सिविल वॉर की स्थिति पैदा करने का आरोप सरकार पर लगाया। उन्होंने उस दिन छात्र संगठनों के साथ वे सवालिया लहजे में कहते भी हैं कि क्या सरकार देश में सिविल वॉर चाहती है। जंतर-मंतर जाने में असफल रहने पर भी सौरभ दास ने सरकार की ओर से उठाए गए कदमों को जंग करार दे दिया। हिरासत से निकलने के बाद भी उन्होंने सरकार पर इसकी शुरुआत का आरोप लगाते हुए कहा कि आज ऐसी परिस्थिति बना दी गई जहां स्टेट अपने ही नागरिकों के साथ जंग में है। मतलब भारत सरकार एक जंग लड़ रही है पूरे देश के नागरिकों के साथ। बहुत दुर्भाग्यपूर्ण चीज है। लोगों का मानना है कि यह सब राजनीतिक बयानबाजी है। जो भी आंदोलनकारी हैं, जो भी विपक्ष में रहता है, या आंदोलन करते हैं, इस तरह के जुमलेबाजी का इस्तेमाल माहौल बनाने के लिए करते हैं। सिर्फ अपनीं मांगों तक सीमित रहकर, उसी दायरे में रहकर शांतिपूर्ण रहना चाहिए, सबकी जिम्मेदारी है। यदि सरकार के पक्ष से भी कोई गलत बयान आए, विपक्ष से आए या सीजेपी से... व्यवस्था से आप लड़िए, अपनी मांगें उठाइए।राजनीतिक रूप से जंग शब्द का अर्थ व्यवस्थाओं में विसंगतियों से मुक्ति का प्रयास माना जा सकता है, इससे किसी को कोई दिक्कत नहीं हो सकती है, क्यूंकि वह व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए सत्ता के साथ संवाद का एक जरिया हो सकता है, लेकिन शाब्दिक अर्थ में तो जंग का मतलब कई मायनों में अलग हो जाता है। अतिश्योक्ति में ही सहीं, सभी को अनावश्यक बयानों से बचने की नसीहत भी दी जाती रही है, दी जानी भी चाहिए।

जोश में होश गंवा बैठी कांग्रेस

राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस पार्टी और विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक दल करीब एक सप्ताह से दिल्ली में विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। ये लोग वोट चोरी का आरोप लगा एसआईआर और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के मुद्दे पर एक माहौल बनाने और नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ असंतुष्टों की भीड़ जमा करने में कामयाब रहे। सुप्रीम कोर्ट तक मार्च कर वहां याचिका भी दायर कर दी गई। मामला अदालत तक पहुंचने के बाद केरल कांग्रेस ने एक ऐसी गलती कर दी, जिससे कांग्रेस कुछ समझ पाती, उससे पहले राजनीति का रायता पूरी तरह बिखर गया और तुरंत अपनी गलती को समझते हुए बैकफुट पर आकर उस ट्वीट को हटा दिया। दरअसल, हुआ यह कि दिल्ली में जारी विरोध-प्रदर्शनों से जुड़े एक सवाल के जवाब में देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा था कि यह कानून-व्यवस्था से जुड़ा मामला है। यह मेरा मुद्दा नहीं है। मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। उनकी इसी टिप्पणी से खफा कांग्रेस की केरल यूनिट ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि अगर कानून और व्यवस्था संभालना उनका काम नहीं है, तो वे



इस्तीफा दे दें। ट्वीट में साफ-साफ लिखा गया, 'प्रिय सूर्यकांत, अगर कानून-व्यवस्था संभालना आपके बस की बात नहीं है, तो अभी इस्तीफा दे दें। हम आपका विकल्प ढूंढ़ लेंगे जो इसे संभाल सके। कांग्रेस के इस ट्वीट पर राजनीतिक गलियारों में हंगामा मच गया। भाजपा के नेताओं ने कांग्रेस पर हमला बोलना शुरू कर दिया। पार्टी ने भी सोशल मीडिया पर ट्वीट के जरिये कहा कि यह सिर्फ उस परिवार की सोच है जो मानता है कि हर संस्था को गांधी परिवार के सामने झुकना चाहिए। इसमें आगे कहा गया है कि जैसे ही कोई संस्था उनके इशारों पर नाचने से मना करती है, कांग्रेस उसकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाने लगती है। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन ने भी सीजेआई सूर्यकांत के इस्तीफे की मांग करने वाले इस सोशल मीडिया पोस्ट की निंदा की है। जब चारों ओर हंगामा मचने लगा तो केरल कांग्रेस ने उस पोस्ट को हटा दिया। बड़ी बात यह है कि ये सब ऐसे वक्त पर हुआ जब राहुल गांधी ने विपक्ष के 11 नेताओं के साथ मिलकर एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में दायर की है और वोट चोरी के मुद्दे पर चुनाव आयोग, मुख्य चुनाव आयुक्त समेत दोनों अन्य आयुक्तों को पार्टी बनाया है।

मोबाइल में कैद हुआ बचपन

आज के समय में बच्चों की लाइफ मोबाइल, इंटरनेट और गेम्स के आसपास ही घूम रही है. डिजिटल और टेक्नोलॉजी के दौर में बच्चों की पढ़ाई भी फोन पर होने लगी है, जिसके चलते बच्चे ज्यादा स्क्रीन देखने लगे हैं. इससे बच्चों की नींद, फिजिकल एक्टिविटी और मेंटल हेल्थ पर भी असर पड़ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि आज के समय में माता-पिता बच्चों को सही तरह से टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल सिखाएं। उनके अनुसार अच्छी परवरिश का मतलब सिर्फ बच्चों की ऑनलाइन एक्टिविटी पर नजर रखना नहीं, बल्कि उन्हें भावनात्मक रूप से मजबूत बनाना भी है। अगर कोई बच्चा पढ़ाई, खेलकूद, कला या मेडिटेशन में इंटरेस्ट नहीं दिखा



रहा है, तो उसे छोड़ देना समाधान नहीं है। ऐसे में बच्चों की सही दिशा दिखाना जरूरी है. बच्चों का मार्गदर्शन करना जरूरी है। बच्चों को प्यार से समझा जाना चाहिए। अगर, उन पर लगाम बहुत कस दी जाए तो परेशानी होगी और बहुत ढीली छोड़ दी जाए तो भी नुकसान होगा। उनके अनुसार अगर, बच्चा बार-बार चीजें गलत करता है या फिर बात नहीं मानता तो डांटना चाहिए। बच्चों को डांटना गलत नहीं है, लेकिन डांट का कोई पॉजिटिव रिजल्ट निकलना चाहिए। अगर, किसी व्यवहार को सुधारने के लिए डांटा जा रहा है, तो उसका उद्देश्य बच्चे को सही दिशा देना होना चाहिए, न कि केवल गुस्सा निकालना। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि अगर, बच्चा दिनभर मोबाइल या टीवी देख रहा है तो ऐसे में बच्चों के मोबाइल और टीवी देखने का समय तय करें। उनके पढ़ाई और मनोरंजन के बीच संतुलन रखा जाना चाहिए। बच्चों को कुछ समय के लिए घर से बाहर निकाल कर उन्हें खुले वातावरण में खेलने और परिवार के साथ समय बिताने के लिए भी प्रेरित करना चाहिए। अगर, आप शुरू से बच्चे को समझाते हैं कि उसे मोबाइल देखने के लिए एक समय मिलेगा, तो वो कभी ज्यादा मोबाइल देखने के लिए जिद्द नहीं करेगा। अगर बच्चा घर के अंदर दौड़ रहा है तो सिर्फ भागो मत कहने के बजाय बच्चे को समझाएं कि घर के अंदर धीरे चलो, ताकि चोट न लगे। ऐसे में बच्चे को ऐसा भी नहीं लगेगा कि उस पर रोक-टोंक लगाई जा रही है। माता-पिता को अपने सोने और जागने की आदत का ध्यान रखना चाहिए। बच्चे देखेंगे कि उनके मम्मी-पापा हर दिन एक ही समय पर सोते हैं और सुबह उठते हैं, तो वे भी इस आदत को सीखेंगे। आगे चलकर बच्चा भी समय पर सोएगा और सुबह समय पर उठेगा। उनके अनुसार बच्चों को छोटी-मोटी मुश्किलों का सामना खुद करने दें। जब बच्चा खुद किसी समस्या का समाधान निकालता है, तो उसका खुद पर भरोसा मजबूत होता है। इससे वे समस्याओं को समझना, फैसले लेना और असफलताओं से सीखना सीखते हैं।

लघु कथा

गिरहकट

पन्ना, मैक, लंबू, हीरा, छोटू इनके असली नाम नहीं थे लेकिन दुनिया अब इसे ही इनका असली नाम मानती थी। मंगल प्रसाद गुप्ता ही पन्ना था, मथुरादास पांडे मैक बन चुका था। लंबू का असली नाम खलील अहमद था। अब का हीरा कभी हरजिंदर हुआ करता था और आफताब को सब छोटू के नाम से जानते थे। वैसे तो ये लोग अलग-अलग धर्मों के थे मगर एक ही चीज थी जो इन्हें जोड़ती थी वो था इनका लक्ष्य। ये मजहब से अलग मगर मकसद से एक थे। इन सभी का इकलौता लक्ष्य था दूसरे की जेबों से माल उड़ाना। ये पोशीदा भेड़िये थे जिन्हें दुनिया गिरहकट के नाम से जानती थी। ये शहरी जंगलात के भेड़िये थे। मगर ये भी वास्तविक जंगल के भेड़ियों की तरह समूह में शिकार किया करते थे। जिसने कामयाबी से शिकार किया सबसे पहला और बड़ा हिस्सा उसका, लेकिन झुंड में सभी को हिस्सा मिलता था। कोई रेकी करता था। कोई पॉकेट पर हाथ मारता था तो कोई बटुआ लेकर भागता था, कुछ का रोल इसके बाद शुरू होता था। इन सभी शहरी भेड़ियों ने पूरी ट्रेनिंग ले रखी थी। टास्क शुरू हुआ, एक वृद्ध महिला को पन्ना ने स्पॉट किया और उसने मैक को काम करने का इशारा किया। बस में चढ़ने की जद्दोजहद कर रही वृध्द महिला को पन्ना ने बस में चढ़ाते हुए कहा 'आंटी जी ,जल्दी कीजिये मैं सहारा देता हूँ ना आपको 'ये कहकर बस में चढ़ाते हुए उसने उस वृध्द महिला का छोटा सा बटुआ ब्लाउज से खींच लिया। आंटी पन्ना की ये हरकत जान गयीं । उन्होंने शोर मचाना शुरू कर दिया । भीड़ जब तक कुछ समझ पाती तब तक पन्ना ने बटुआ पहले से बस में मौजूद मैक की तरफ उछाल दिया। पन्ना बस में घिर गया मगर मैक ने बटुआ कैच किया और तत्काल बस की खिड़की से बाहर कूद गया। सब लोग बटुआ लिए मैक की तरफ भागे तब तक भीड़ से हाथ झटक कर पन्ना भी भाग निकला। पकड़े जाने पर मैक की बेतहाशा पिटाई शुरू हो गई। गिरहकट को पीट रहे दोनों युवकों के सामने अचानक एक तीसरा युवक आया। वो पिटाई शांत कराते हुए बोला - 'बहुत पिट चुका है ये अब और ज्यादा मारोगे तो ये मर जायेगा। फिर पुलिस का लफड़ा हो जायेगा। वैसे भी पैसे तो आंटीजी को वापस मिल ही चुके हैं ।

अमेरिका-ईरान में बढ़ा समुद्री तनाव




संचार जगत

तेहरान। अमेरिका और ईरान के बीच समुद्र में तनाव एक बार फिर बढ़ गया है। ओमान की खाड़ी में अमेरिकी सेना ने ईरान से जुड़े एक जहाज को नष्ट करने का दावा किया है। उधर, ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पूर्व में अपनी नौसेना की तैनाती बढ़ा दी है। इतना ही नहीं, ईरानी नौसेना के एक कमांडर ने अमेरिकी विमानवाहक पोतों को डुबोने तक की धमकी दे डाली है। सेंटकॉम के मुताबिक 6 अक्टूबर को अमेरिकी सेना ने ओमान की खाड़ी में एक पारंपरिक छोटी नौका को नष्ट किया था। अमेरिका का आरोप है कि यह नौका उसके नौसेना के युद्धपोतों की निगरानी कर रही थी। दूसरी तरफ, ईरान भी पीछे हटने के मूड में नहीं है। ईरान ने स्ट्रेट ऑफ़ होर्मुज के पूर्व में ओमान की खाड़ी से अरब सागर तक अपनी नौसेना की नई तैनाती की घोषणा की है। ईरानी नौसेना ने जहाजों को अपने इलेक्ट्रॉनिक उपकरण चालू रखने और सुरक्षित आवाजाही के लिए ईरानी सशस्त्र बलों के साथ समन्वय करने की सलाह दी है।

चुनाव आयोग ने वोटर लिस्ट के स्पेशल समरी रिवीजन के निर्देश जारी

संचार जगत



नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान सहित 17 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का निर्देश जारी किया है। आयोग ने सभी संबंधित राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को इस संबंध में औपचारिक पत्र भेज दिया है। इस प्रक्रिया के तहत वोटर लिस्ट में नए नाम जोड़े जाएंगे और पूर्व में दर्ज विवरणों की त्रुटियों को सुधारा जाएगा। वे युवा जो वर्ष 2027 में 18 वर्ष की आयु पूरी कर रहे हैं, वे भी इस विशेष अभियान के दौरान अपना नाम वोटर लिस्ट में दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकेंगे। मतदाता सूची के संशोधन से जुड़ी इन दोनों प्रक्रियाओं की कार्यप्रणाली और उद्देश्य में स्पष्ट अंतर होता है। यह मुख्य रूप से एक स्वैच्छिक और प्रतिक्रियाशील प्रक्रिया है, जिसमें मतदाता स्वयं या ऑनलाइन माध्यम से फॉर्म भरकर नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए दावे और आपत्तियां प्रस्तुत करते हैं। यह अधिक गहन और व्यापक प्रक्रिया है, जिसके तहत बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर भौतिक सत्यापन किया जाता है। इसमें मौजूदा सूची को सीधे आगे न बढ़ाकर एक तरह से नए सिरे से सूची तैयार करने पर जोर दिया जाता है, जिससे मृत या स्थानांतरित हो चुके लोगों के नाम बाहर किए जा सकें।

16 अक्टूबर की तारीख विश्व स्तर तथा राष्ट्रीय स्तर पर अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज की तारीख पर छह महत्वपूर्ण दिवस मनाए जाते हैं। जिनमें विश्व खाद्य दिवस, विश्व रीढ़ दिवस, राष्ट्रीय सुरक्षा प्रहरी दिवस, विश्व निश्चेतना दिवस, राष्ट्रीय स्मृति चित्रण दिवस तथा बॉस दिवस शामिल हैं।

भूख से मुक्ति दिलाने की कवायद



आज 16 अक्टूबर को विश्व खाद्य दिवस है। यह दिवस 1945 में खाद्य एवं कृषि संगठन की स्थापना की स्मृति में मनाया जाता है। इसका मूल मंत्र है - सभी के लिए भोजन, बेहतर जीवन। विश्व में आज एक ओर भोजन की बर्बादी है, दूसरी ओर भुखमरी। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार विश्व में लगभग 80 करोड़ लोग रोज भूखे सोते हैं। भारत दुनिया का सबसे बड़ा अन्न उत्पादक है, फिर भी कुपोषण की समस्या बनी हुई है। सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज दिया, यह सराहनीय है, पर स्थायी समाधान नहीं। समस्या उत्पादन की नहीं, प्रबंधन की है। हमारे यहाँ शादियों, भंडारों में 40 प्रतिशत भोजन फेंक दिया जाता है। एक ओर किसान आत्महत्या करता है, दूसरी ओर मंडियों में अनाज सड़ता है। जलवायु परिवर्तन से खेती पर संकट है। रासायनिक खाद ने जमीन को बंजर बना दिया है। इस सम्बन्ध में वैदिक विचार हैं कि अन्न को ब्रह्म मानो। भारतीय संस्कृति में कहा गया ' अतिथि देवो भव, और भोजन से पहले गौ ग्रास, कुत्ता ग्रास निकाला जाता है। यह भोजन के सम्मान की परंपरा थी। आज हमें तीन संकल्प लेने चाहिए। पहला थाली में उतना ही लें, जितना खा सकें। दूसरा मोटे अनाज, श्री अन्न को अपनाएं। तीसरा स्थानीय किसान से सीधा अनाज खरीदें। भूख मुक्त भारत तभी बनेगा, जब हम अन्न का आदर करेंगे, बर्बादी रोकेंगे और जैविक खेती को बढ़ावा देंगे।

यस बॉस आज आपका दिन है



आज बॉस भी दिवस है। 16 अक्टूबर 1958 को पेट्रिसिया बेस हारोस्की नामक महिला ने अपने पिता, जो उनके कार्यालय प्रमुख भी थे, के सम्मान में यह दिवस प्रारंभ किया। आज यह विश्व भर में कार्यालय संस्कृति का महत्वपूर्ण दिन बन गया है। भारतीय संस्कृति में बॉस को गुरु माना गया है। जैसे गुरु शिष्य को गढ़ता है, वैसे ही अच्छा बॉस अपने अधीन कार्य करने वालों को भविष्य के लिए तैयार करता है। बॉस के दो प्रकार होते हैं ; एक जो केवल बॉस बनकर रहता है, आदेश देता है, भय दिखाता है। दूसरा जो लीडर बनता है, साथ चलता है, हाथ पकड़कर सिखाता है। एक अच्छे बॉस की पहचान क्या है? वह समय पर आता है, वह मीठा बोलता है पर स्पष्ट बोलता है, वह श्रेय टीम को देता है और दोष स्वयं लेता है, वह कर्मचारी के सुख-दुख में साथ खड़ा होता है, वह छुट्टी के दिन परेशान नहीं करता, वह महिला कर्मचारियों का सम्मान करता है। आज के समय में कार्य स्थल पर तनाव बढ़ा है। बॉस पर भी लक्ष्य पूरा करने का दबाव है, और कर्मचारी पर भी नौकरी बचाने का। ऐसे में यदि संवाद टूट जाए तो पूरा कार्यालय बिखर जाता है। इसलिए आज का दिन संवाद का दिन है।

हत्या, सोना-चांदी लूट कर भाग रहे चार आरोपी गिरफ्तार

संचार जगत



सिरोही। एक दिन पूर्व गुजरात के राजकोट शहर में सोना-चांदी लूटने के दौरान फायरिंग कर एक कर्मचारी की हत्या करने के मामले में सिरोही की पिंडवाड़ा पुलिस ने नाकेबंदी के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में वारदात को अंजाम देने वाला शूटर भी शामिल है। एसपी अजय सिंह राठौड़ के अनुसार राजकोट स्थित सोना-चांदी के आभूषण निर्माण की फर्म से कर्मचारी लालजीभाई सुरक्षा गार्ड के साथ 14 अक्टूबर को करीब 1.55 करोड़ रुपए मूल्य का सोना लेकर रिफाइनरी से बाहर निकले थे। इसी दौरान दो बदमाशों ने सोने से भरा थैला लूटने का प्रयास किया। विरोध करने पर एक बदमाश ने हथियार से फायरिंग कर दी, जिससे लालजीभाई घायल होकर गिर पड़े। इसके बाद आरोपी थैला लेकर मरून रंग की टाटा टेगोर कार में सवार होकर फरार हो गए।

भारत के कुल निर्यात हुई बढ़ोतरी

संचार जगत



नई दिल्ली। भारत का कुल निर्यात (वस्तुएं और सेवाएं) सितंबर में 80.75 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो सितंबर 2025 की तुलना में 10.99 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। यह जानकारी गुरुवार को जारी आंकड़ों में दी गई। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, इस वित्तीय वर्ष 27 की अप्रैल-सितंबर अवधि के लिए कुल निर्यात का अनुमान 476.20 अरब डॉलर है, जबकि अप्रैल-सितंबर 2025-26 में यह 418.31 अरब डॉलर था। यह सालाना आधार पर 13.84 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि दिखाता है। इस वित्तीय वर्ष के छह महीनों में, वस्तुओं के निर्यात का कुल मूल्य 259.89 अरब डॉलर रहा, जबकि अप्रैल-सितंबर 2025-26 के दौरान यह 219.30 अरब डॉलर था। इस प्रकार, इसमें 18.51 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। सितंबर में सेवाओं के निर्यात का अनुमानित मूल्य 36.35 अरब डॉलर रहा, जबकि सितंबर 2025 में यह 36.67 अरब डॉलर था। आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-सितंबर 2026-27 के दौरान सेवाओं के निर्यात का अनुमानित मूल्य 216.31 अरब डॉलर रहा, जबकि अप्रैल-सितंबर 2025-26 में यह 199.02 अरब डॉलर था। अप्रैल-सितंबर 2026-27 के लिए सेवाओं का व्यापार अधिशेष 102.71 अरब डॉलर रहा, जबकि अप्रैल-सितंबर 2025-26 में यह 98.77 अरब डॉलर था।

स्टिंग ऑपरेशन मामले में कुमारस्वामी का धरना खत्म

संचार जगत



बेंगलुरु। केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने गुरुवार को बेंगलुरु पुलिस आयुक्त कार्यालय के बाहर अपना धरना समाप्त कर दिया। उन्हें पुलिस आयुक्त सीमांत कुमार सिंह से आश्वासन मिला , लेकिन उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पुलिस दो दिनों के भीतर पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को निशाना बनाकर किए गए स्टिंग ऑपरेशन के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करती है, तो वे फिर से विरोध प्रदर्शन करेंगे। कुमारस्वामी ने जेडीएस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर लगभग डेढ़ घंटे तक विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस कमिश्नर के साथ करीब 30 मिनट की मुलाकात के बाद उन्होंने अपना प्रदर्शन वापस ले लिया। उन्होंने इस स्टिंग ऑपरेशन में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और कहा कि उनके संपर्कों का सच सामने आना चाहिए। कुमारस्वामी ने कहा, 'पुलिस कमिश्नर के आश्वासन के बाद मैं उन्हें दो दिन का समय दे रहा हूं। इसके पीछे जो मुख्य व्यक्ति है, उसने मीडिया का गलत इस्तेमाल किया और गैरकानूनी काम किए, जिससे मीडिया की बदनामी हुई है। वह मुख्यमंत्री शिवकुमार के साथ भी हाथ मिलाते हुए दिख रहे हैं और बताया जाता है कि रणदीप सिंह सुरजेवाला के काफी करीबी हैं। एक तस्वीर में दिख रहे व्यक्ति का जिक्र करते हुए, जो कथित तौर पर इस मामले से जुड़े मीडियाकर्मी का सहायक था, कुमारस्वामी ने बताया कि उस व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उसी के जरिए उन्हें इस मामले से जोड़ने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा, 'तस्वीर में दिखने वाले मीडियाकर्मी के सहायक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

भारत तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था: गोयल

संचार जगत



नई दिल्ली । केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत अगले 20-25 वर्षों तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दशकों में वैश्विक विकास और प्रौद्योगिकी उन्नति को गति देने में भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की स्थिति में है। नई दिल्ली में आयोजित एसआरसीसी शताब्दी सम्मेलन में गोयल ने कहा कि दुनिया के देश आज भारत के साथ जुड़ना चाहते हैं, क्योंकि वे इसकी युवा और महत्वाकांक्षी आबादी की क्षमता को पहचानते हैं। उन्होंने कहा कि आज दुनिया भारत के साथ जुड़ना चाहती है, क्योंकि वह समझती है कि आकांक्षाओं से भरा युवा भारत वैश्विक विकास का नेतृत्व करने जा रहा है। भारत प्रौद्योगिकी और वैश्विक व्यापार में प्रगति का प्रमुख इंजन बनने वाला है। भारत की दीर्घकालिक विकास संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि देश को अपनी जनसांख्यिकीय बढ़त, विशाल उपभोक्ता बाजार और उद्यमशील ऊर्जा का लाभ मिलेगा, जिससे आने वाले दशकों तक विकास की गति बनी रहेगी। गोयल ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रगति देशवासियों के सामूहिक प्रयासों पर निर्भर करेगी। उन्होंने कहा कि आज चुनौतियों से भागने वाली मानसिकता को छोड़कर राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी स्वीकार करने की आवश्यकता है।

पाकिस्तान में स्कूल की छत गिरने से 35 की मौत

40 से ज्यादा घायल


संचार जगत



पेशावर। पाकिस्तान के पेशावर में एक प्राइवेट स्कूल की छत गिरने से 35 लोगों की मौत हो गई। इनमें 20 छात्र और एक महिला टीचर शामिल हैं। सभी बच्चों की उम्र 13 साल या उससे कम है। यह हादसा दीर कॉलोनी इलाके में हुआ। इसमें 40 से ज्यादा लोग घायल भी हुए हैं। उनके इलाज के लिए अस्पताल में इमरजेंसी घोषित कर दी गई है। अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में डॉक्टरों और दूसरे कर्मचारियों को तैनात किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच गई। बचावकर्मियों ने राहत और बचाव अभियान शुरू किया। मलबे में और लोगों के दबे होने की आशंका के चलते तलाशी अभियान जारी है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हादसे में लोगों की मौत पर गहरा दुख जताया। उन्होंने मृतकों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और उन्हें इस मुश्किल समय में हिम्मत देने की प्रार्थना की। खैबर पख्तूनख्वा के गवर्नर फैसल करीम कुंडी ने भी हादसे पर दुख जताया। उन्होंने मारे गए बच्चों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

शक्तिपीठों में खास है कालीघाट मंदिर

संचार जगत



कोलकाता। शारदीय नवरात्रि के पांचवें दिन पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता स्थित प्रसिद्ध कालीघाट मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा है। देश के प्रमुख 51 शक्तिपीठों में शामिल यह मंदिर श्रद्धालुओं की गहरी आस्था और शक्ति उपासना का प्रमुख केंद्र है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस पवित्र स्थान पर माता सती के दाहिने पैर की चार उंगलियां गिरी थीं। मंदिर में मां काली की अद्भुत और प्रचंड रूप वाली प्रतिमा स्थापित है, जिनकी लंबी लाल जीभ सोने से बनी है। मां काली का यह रूप शक्ति, साहस और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक माना जाता है। यहां की मुख्य शक्ति 'कालिका' हैं और भैरव 'नकुलेशवर महादेव' के रूप में विराजमान हैं। 19वीं शताब्दी में निर्मित यह मंदिर लगभग तीन शताब्दियों पुरानी समृद्ध धार्मिक परंपरा को समेटे हुए है। नवरात्रि के दौरान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और भव्य आरती का आयोजन किया जा रहा है। देश-विदेश से आने वाले भक्त मां के दरबार में सुख-समृद्धि, परिवार की खुशहाली और संकटों से मुक्ति की प्रार्थना कर रहे हैं। आज भी यह मंदिर बंगाल की अटूट आस्था और सांस्कृतिक धरोहर का एक बड़ा केंद्र बना हुआ है।

प्रोटेस्ट के बाद इमरान खान मुश्किल में

संचार जगत



मुंबई। मुंबई पुलिस ने अभिनेता इमरान खान को भारत छोड़ो नोटिस जारी किया। नोटिस में उन्हें 28 अक्टूबर तक भारत छोड़ने का आदेश दिया गया है। इमरान खान ने 10 अक्टूबर को मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर हुए प्रोटेस्ट में हिस्सा लिया था। इस विरोध प्रर्दशन के दौरान पुलिस ने अभिनेता को हिरासत में भी लिया था। नोटिस के मुताबिक, इमरान खान भारतीय नागरिक नहीं हैं, इसके बावजूद उन्होंने इस प्रोटेस्ट में हिस्सा लिया है, जिसके कारण मुंबई पुलिस की तरफ से उन्हें ये नोटिस भेजा गया है। इमरान खान के खिलाफ बीजेपी नेता किरिट सोमैया ने शिकायत दर्ज करवाते हुए कहा है कि वह भारतीय नागरिक नहीं हैं, उनके पास अमेरिका की सिटीजनशिप है। ऐसे में उन्होंने ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे को लेकर हो रहे प्रोस्टेट में हिस्सा लेकर अधिनियम का उल्लंघन किया है। इमरान के खिलाफ गामदेवी पुलिस स्टेशन में विदेशी अधिनियम का उल्लंघन करने की शिकायत दर्ज करवाई गई है। चीफ इलेक्शन कमिशनर ऑफ इंडिया ज्ञानेश कुमार के खिलाफ मुंबई के अगस्त क्रांति मैदान में हुए प्रोटेस्ट में इमरान खान अकेले नहीं गए थे, बल्कि उनकी गर्लफ्रेंड लेखा वाशिंगटन और उनकी कजिन जैन मैरी खान भी उनके साथ मौजूद थीं, जिन्हें पुलिस ने हिरासत में लिया था।

रिजर्वेशन पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

हिंदू धर्म परिवर्तन के बाद नहीं मिलेगा आरक्षण

संचार जगत



नई दिल्ली। धर्म परिवर्तन करने के बाद भी आरक्षण की मांग करने वाले लोगों को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने इस बाबत फैसला सुनाया है कि धर्म बदलने के साथ ही आरक्षण खत्म हो जाता है। धर्मांतरण के बाद आरक्षण का लाभ नहीं मिल सकता। सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया कि हिंदू धर्म छोड़कर इस्लाम अपनाने पर कोई आरक्षण नहीं मिलेगा। इस तरह सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें तमिलनाडु सरकार के एक आदेश को रद्द कर दिया गया था। सरकार के उस आदेश में प्रावधान था कि पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, गैर-अधिसूचित समुदायों और अनुसूचित जातियों के लोग...इस्लाम धर्म अपनाने के बाद पिछड़ा वर्ग मुस्लिम माने जा सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस श्री चंद्रशेखर की बेंच ने धर्मांतरण पर यह फैसला सुनाया। फैसले में कहा गया कि जो व्यक्ति हिंदू धर्म छोड़कर किसी अन्य धर्म को अपना लेता है, वह धर्म परिवर्तन से पहले जिस सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग का हिस्सा था, उससे मिलने वाले कल्याणकारी लाभों का दावा नहीं कर सकता। पीठ ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए तमिलनाडु सरकार के उस आदेश को रद्द करने के निर्णय को सही ठहराया, जिसमें पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, विमुक्त समुदायों और अनुसूचित जाति के लोगों को इस्लाम अपनाने के बाद पिछड़ा वर्ग मुस्लिम का दर्जा देने की अनुमति दी गई थी।

पंजाब में बंद का दिखा व्यापक असर

संचार जगत

चंडीगढ़। पंजाब में बंद का व्यापक असर देखने को मिला। नशे के खिलाफ आवाज उठाने वाले एक्टिविस्ट परविंदर सिंह झोटा की हत्या के विरोध में बाजार बंद रहे। किसानों ने सड़कों पर उतर कर कई जगहों पर नेशनल हाईवे जाम कर दिए। पंजाब बंद के दौरान लुधियाना, पठानकोट, गुरदासपुर, बठिंडा, मानसा और जालंधर समेत कई जिलों में बंद का असर दिखा। कई जगह निजी स्कूल और कॉलेज बंद रहे। सरकारी स्कूलों में छुट्टी घोषित नहीं होने के बावजूद छात्रों की उपस्थिति प्रभावित होने की जानकारी है। किसान संगठनों ने भी प्रदर्शन करते हुए सड़कें जाम कीं। इस बीच, मानसा के सिटी थाना-2 की एसएचओ बेअंत कौर को निलंबित कर दिया गया है। 13 अक्टूबर को मानसा में परविंदर सिंह झोटा की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

अमेरिका के मंदिर में नरसंहार की साजिश नाकाम, आरोपी गिरफ्तार



संचार जगत

इलिनॉय। अमेरिका के इलिनॉय में नवरात्रि के दौरान एक हिंदू मंदिर पर हमला करने की साजिश रचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। 19 साल के अलेक्जेंड्रोस पापोराकिस पर आरोप है कि वह 11 अक्टूबर को भारतीय मूल के लोगों की सामूहिक हत्या करना चाहता था। पापोराकिस अपने घर से करीब 65 किमी गाड़ी चलाकर ऑरोरा में श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर पहुंचा था। इस मंदिर में छुट्टी के दिन 3 हजार से ज्यादा श्रद्धालु आते हैं। पापोराकिस अपने साथ राइफल और सैकड़ों गोलियां लेकर आया था, लेकिन राइफल जाम होने की वजह से वह ऐसा नहीं कर पाया। इसके बाद उसे वहां से भागना पड़ा। घर लौटने के बाद पापोराकिस ने अपने एक दोस्त को मैसेज कर इसकी जानकारी दी। उसने हथियार की तस्वीरें और अपनी एक तस्वीर भी भेजी। आरोपी का मैसेज देखकर उसके दोस्त ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने उसी दिन आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

रामसवारी को लेकर नगर निगम ने शुरू की तैयारियां

संचार जगत

जोधपुर। दशहरे के अवसर पर जोधपुर में निकलने वाली पारंपरिक रामसवारी को लेकर नगर निगम ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। महापौर प्रसन्नचंद मेहता और नगर निगम आयुक्त राहुल जैन ने फतेहपोल से जालोरी गेट तक रामरथ सवारी मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान निगम के अधिकारी और स्थानीय पार्षद भी साथ रहे। निरीक्षण के दौरान महापौर ने रामसवारी मार्ग की सड़क व्यवस्था, सीवरेज, सफाई और रोड लाइट की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दशहरे से पहले पूरे मार्ग की व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाए। सड़कों पर मौजूद गड्ढों की मरम्मत करवाने, झूलते बिजली के तारों को ठीक करवाने और सीवरेज के गंदे पानी की समस्या का शीघ्र समाधान करने पर विशेष जोर दिया गया। मेहता ने कहा कि नगर निगम की जिम्मेदारी है कि श्रद्धालुओं, अखाड़ों के सदस्यों, माताओं-बहनों और दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने कहा कि रामसवारी मार्ग के साथ-साथ इससे जुड़ने वाली संपर्क सड़कों पर भी सफाई और सीवरेज व्यवस्था को बेहतर बनाया जाएगा।

जन सुनवाई में दुर्व्यवहार का लगाया आरोप

संचार जगत

जोधपुर। झालामंड क्षेत्र की जन समस्याओं को लेकर थानों में सुनवाई न होने और थानाधिकारियों के कथित अभद्र व्यवहार के विरोध में स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा। गुरुवार को स्थानीय पार्षद के नेतृत्व में झालामंड क्षेत्रवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंचा और उच्चाधिकारियों को अपनी पीड़ा से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल नागरिकों और स्थानीय पार्षद ने एयरपोर्ट थाना एसएचओ और कुड़ी भगतासनी थाना एसएचओ की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जब भी वे क्षेत्र से जुड़ी जनसमस्याओं, कानून-व्यवस्था या आवश्यक शिकायतों को लेकर थानों में जाते हैं, तो दोनों थानाधिकारी उनकी बात सुनने के बजाय गैर-जिम्मेदाराना और अनुचित व्यवहार करते हैं। फरियादियों के साथ पुलिस का यह रवैया उनकी समस्याओं को हल करने के बजाय और बढ़ा रहा है। क्षेत्रवासियों ने पुलिस आयुक्त से मुलाकात कर दोनों थानाधिकारियों के आचरण की निष्पक्ष जांच कराने और उनके खिलाफ उचित विभागीय कार्रवाई करने की मांग की है।

विधायक शर्मा ने ऋषिकेश में नीलकण्ठ महादेव के दर्शन किए



संचार जगत

कोटा। विधायक संदीप शर्मा मंगलवार को अपने जन्मदिन के अवसर पर परिवार के साथ देवभूमि उत्तराखण्ड पहुंचे, जहां ऋषिकेश में उन्होंने नीलकण्ठ महादेव मंदिर में दर्शन कर पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख एवं समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात उन्होंने गंगा मैया की भव्य संध्या आरती भी की। उन्होंने कहा कि अपने जन्मदिन पर इस पावन धाम में महायोगी भगवान शिव एवं गंगा दर्शन लाभ प्राप्त करना मेरा सौभाग्य है, यह पवित्र स्थान जनकल्याण के लिए तपस्या की भावना का साकार रूप है। विधायक शर्मा के कोटा में नहीं होने के बावजूद भी भाजपा कार्यकर्ताओं एवं उनके समर्थकों का उत्साह किसी तरह कम नहीं हुआ है। सुबह 8 बजे से ही विधायक कार्यालय पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा और बड़ी संख्या में भाजपा पार्षदों, कार्यकर्ताओं और सामाजिक संगठनों ने उनकी दीर्घायु की कामना करते हुए विभिन्न सेवा कार्य कर उनका जन्मदिन मनाया। केवल कोटा दक्षिण ही नहीं बल्कि पूरे कोटा शहर में 40 से अधिक स्थानों सेवा कार्यक्रम आयोजित किये गए। सायंकाल नगर निगम कार्यालय के पास स्थित हनुमान मंदिर में महापौर अनुसुईया गोस्वामी के नेतृत्व में भाजपा पार्षदों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं सहित भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मंदिरों में सफाई अभियान चलाकर उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना से अभिषेक भी किया गया।

केरल टूरिज्म का रोड शो

राजस्थान के पर्यटकों को लुभाने की तैयारी

संचार जगत

जयपुर। दशहरा, दीपावली और सर्दियों के छुट्टियों के सीजन को ध्यान में रखते हुए केरल टूरिज्म ने उत्तर भारत के पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए जयपुर में एक भव्य रोड शो और ट्रैवल ट्रेड मीट का आयोजन किया। होटल रमाडा में आयोजित इस कार्यक्रम में केरल के पारंपरिक लोक कलाकारों ने अपनी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से राजस्थान के लोगों का मन मोह लिया और उन्हें 'गॉड्स ओन कंट्री' यानी केरल आने का विशेष निमंत्रण दिया।कार्यक्रम के दौरान केरल से आए 10 से अधिक कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा और विशिष्ट रंग-सज्जा के साथ कथकली, मोहिनीअट्टम, तेय्यम और ओट्टन थुल्लल जैसी विश्व प्रसिद्ध लोक कलाओं का प्रदर्शन किया। स्थानीय वाद्ययंत्रों की धुनों और नृत्य के जरिए कलाकारों ने केरल की प्राचीन सांस्कृतिक विरासत, पौराणिक कथाओं और जीवनशैली को जीवंत कर दिया। इस त्योहारी सीजन में केरल टूरिज्म पर्यटकों को समुद्र तटों से लेकर हरे-भरे पहाड़ों तक का अनुभव देने के लिए 6 रात और 7 दिन के आकर्षक हॉलिडे पैकेज पर जोर दे रहा है। इन पैकेजेस में बैकवाटर में हाउसबोट की सैर, हिल स्टेशन, वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी और स्थानीय खान-पान का अनुभव शामिल है।



घरेलू पर्यटकों में उल्लेखनीय वृद्धि

केरल टूरिज्म के एडीजी सुमित कुमार ठाकुर ने इस दौरान पर्यटन क्षेत्र में हो रहे बदलावों की जानकारी दी। केरल टूरिज्म के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2026 की पहली तिमाही में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में घरेलू पर्यटकों के आगमन में 10.98 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। पर्यटन विभाग अब सितंबर से नवंबर के बीच त्योहारी सीजन को भुनाने के लिए गुजरात, महाराष्ट्र, दिल्ली और राजस्थान जैसे राज्यों में विशेष बीटूबी पार्टनरशिप मीट आयोजित कर रहा है। जयपुर के इस कार्यक्रम में केरल के करीब 45 पर्यटन हितधारकों ने हिस्सा लिया और स्थानीय ट्रैवल एजेंटों से चर्चा की।

'ब्रांड वायनाड' और ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा

केरल टूरिज्म ने हाल ही में 6 अक्टूबर को वायनाड के वैथिरी में 'ब्रांड वायनाड' पहल की शुरुआत की है, जिसका उद्देश्य वायनाड की प्राकृतिक सुंदरता, कृषि और पारंपरिक जीवनशैली को दुनिया भर के पर्यटकों तक पहुंचाना है। इसके तहत 'लाइफ एक्सपीरियंस ट्रेल्स', चेकाडी फार्म का दौरा और कॉफी-मसालों की खेती से जुड़े अनुभव पर्यटकों के लिए शुरू किए गए हैं, जिससे पर्यटक केरल की संस्कृति को और अधिक गहराई से महसूस कर सकें।

राष्ट्रीय दशहरे मेले में होंगी रोमांचक प्रतियोगिताएं

संचार जगत

कोटा। नगर निगम कोटा द्वारा आयोजित 133वें राष्ट्रीय मेला दशहरा 2026 के अंतर्गत शहरवासियों के लिए आयोजित होने वाली विभिन्न रोमांचक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं हेतु आवेदन पत्र जमा कराने की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। आधिकारिक वेबसाइट में आ रही तकनीकी खामियों और आमजन की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब प्रतिभागी 22 अक्टूबर तक अपने आवेदन जमा कर सकेंगे। महापौर अनुसुईया गोस्वामी ने बताया कि मेले के सांस्कृतिक एवं पारंपरिक आकर्षण को बढ़ाने के लिए शहरवासियों के लिए कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। महापौर अनुसुईया गोस्वामी ने बताया कि 22 अक्टूबर को नगर निगम भवन में कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमें कोटा शहर की प्रतिभाएं अपने पाक-कौशल का प्रदर्शन कर सकेंगी। यह प्रतियोगिता पूर्णतः फायरलैस होगी। प्रतियोगिता स्थल पर चूल्हा, इंडक्शन या गैस सिलेंडर जलाकर व्यंजन पकाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रतिभागियों को केवल 30 मिनट का समय मिलेगा। जिसमें उन्हें एक व्यंजन तैयार करना होगा। प्रतियोगिता में प्रयुक्त होने वाली सभी आवश्यक सामग्री प्रतियोगियों को स्वयं लानी होगी। मेला अधिकारी एवं आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने बताया कि कुकिंग सहित अन्य सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट से निशुल्क आवेदन पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। वेबसाइट में आ रहे तकनीकी व्यवधान के कारण आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है।



जीएसएस मेंटेनेंस के चलते आज बिजली कटौती

रींगस (संचार जगत)। दीपावली के त्योहार को देखते हुए क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए शुक्रवार को रींगस क्षेत्र में जीएसएस रखरखाव का कार्य किया जाएगा। इसके चलते सुबह 7:30 बजे से 10:30 बजे तक कुल तीन घंटे बिजली आपूर्ति पूरी तरह बंद रहेगी। कनिष्ठ अभियंता नेकीराम ने बताया कि दिवाली मेंटेनेंस कार्य के तहत रींगस शहर एवं आदर्श नगर जीएसएस पर आवश्यक रखरखाव किया जाएगा। इस मेंटेनेंस के कारण दोनों जीएसएस से जुड़े सभी फीडरों की विद्युत आपूर्ति निर्धारित समय तक बंद रखी जाएगी।

दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई-बेढ़म



संचार जगत

भरतपुर। राजस्थान के भरतपुर जिले में पूर्व भाजपा विधायक अतर सिंह भड़ाना की हत्या के मामले ने सियासी हलचल तेज कर दी है। इस जघन्य हत्याकांड को लेकर गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा स्वयं इस पूरे मामले पर करीबी नजर रखे हुए हैं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बेढ़म ने कहा कि मुख्यमंत्री ने इन घटनाओं को बहुत गंभीरता से लिया है। सरकार ने स्पष्ट संदेश दिया है कि इस तरह की घटनाओं को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कानून के तहत जो भी कार्रवाई जरूरी होगी, वह पूरी सख्ती से की जाएगी। गौरतलब है कि भरतपुर जिले के वैर थाना क्षेत्र के भौंडा गांव में क्रशर माइनिंग लीज को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते रविवार को हुई हिंसक झड़प में पूर्व विधायक अतर सिंह भड़ाना गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्हें तुरंत जयपुर के एसएमएस अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया था।

नावां पंचायत समिति क्षेत्र में बदले राजनीतिक समीकरण

कुमावत समाज का सुरेंद्र सिंह कांसेड़ा को समर्थन



संचार जगत

नावां। नावां पंचायत समिति के वार्ड संख्या 4 में चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। इसी बीच कांसेड़ा क्षेत्र में कुमावत समाज ने सामूहिक बैठक आयोजित कर प्रत्याशी सुरेंद्र सिंह कांसेड़ा के समर्थन में एकजुटता दिखाई। समाज के बुजुर्गों और युवाओं ने एक स्वर में सुरेंद्र सिंह कांसेड़ा को समर्थन देने का भरोसा जताया। बैठक के दौरान समाज के लोगों ने सुरेंद्र सिंह कांसेड़ा के पक्ष में अपना समर्थन व्यक्त करते हुए उन्हें पूर्ण सहयोग देने का ऐलान किया। इस समर्थन को क्षेत्र के बदलते राजनीतिक समीकरणों के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वहीं, समर्थन मिलने पर सुरेंद्र सिंह कांसेड़ा ने समाज के सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने क्षेत्र के विकास और समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प दोहराया।

दुर्गावाहिनी ने किया शस्त्र पूजन



कोटा (संचार जगत)। विश्व हिंदू परिषद की मातृशक्ति एवं दुर्गावाहिनी की ओर से विहिप कार्यालय पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय मातृशक्ति संयोजिका सरोज दीदी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं, वहीं महामंडलेश्वर साध्वी हेमा जी सरस्वती का संत सान्निध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में विहिप कोटा महानगर अध्यक्ष श्रीनाथ जी मित्तल एवं महानगर मंत्री आशीष शर्मा भी उपस्थित रहे।

नंदीका सिंह ने गोल्ड मेडल किया अपने नाम

संचार जगत

कोटा। दिल्ली स्थित डॉ. करणी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित प्रतिष्ठित 'बरेटा शॉटगन गोल्ड कप' में कोटा की बेटी और प्रतिभावान ट्रैप शूटर नंदीका सिंह ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। विश्व विख्यात कंपनी बरेटा की 500वीं वर्षगांठ के अवसर पर नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश-विदेश के 300 से अधिक शीर्ष अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय शॉटगन शूटर्स ने हिस्सा लिया था। सीनियर वुमेन ट्रैप शूटिंग कैटेगरी में कड़े मुकाबले के बीच नंदीका ने कई दिग्गज और अनुभवी खिलाड़ियों को पीछे छोड़ते हुए यह शीर्ष उपलब्धि हासिल की। नंदीका के पिता एवं कोच अशोक पाल सिंह ने जानकारी दी कि इसी वर्ष नंदीका ने ट्रैप शूटिंग में स्टेट चैंपियन का खिताब जीतने के अलावा 'ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कॉम्पिटिशन' में भी स्वर्ण पदक हासिल किया था। शॉटगन शूटिंग में यह उनका मात्र तीसरा वर्ष है, जबकि इससे पहले वह पिस्टल शूटिंग में भी कई पदक जीत चुकी हैं। अब तक वह राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में 20 से अधिक पदक जीतकर कोटा और राजस्थान का नाम रोशन कर चुकी हैं।



राज्य वृक्ष खेजड़ी पर मंडराने लगा संकट

संचार जगत

बालोतरा। राजस्थान के राज्य वृक्ष खेजड़ी पर संकट मंडराने लगा है। बालोतरा जिले में 50 से ज्यादा खेजड़ी के पेड़ सूखने से चिंता बढ़ गई है। पेड़ों की जड़ों के आसपास सफेद और कठोर परत जमने की बात सामने आई है। किसानों के शुरुआती उपचार भी कारगर नहीं हुए हैं। खेजड़ी राजस्थान के शुष्क इलाकों में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ पशुओं के लिए चारे का भी महत्वपूर्ण स्रोत है। यही वजह है कि पेड़ों के सूखने की खबर ने स्थानीय लोगों और पर्यावरण प्रेमियों की चिंता बढ़ा दी है। हालांकि, पेड़ों के सूखने की असली वजह अभी स्पष्ट नहीं है। ऐसे में विशेषज्ञों से वैज्ञानिक जांच कराने और प्रभावित पेड़ों के संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की जा रही है।



सरकार पर लगाया अघोषित आर्थिक आपातकाल का आरोप



संचार जगत

जोधपुर। जोधपुर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिला अध्यक्ष शंभूसिंह मेड़तिया के नेतृत्व में राज्य कर्मचारियों के समर्पित उपार्जित अवकाश के बकाया भुगतान, सेवानिवृत्त कार्मिकों के समस्त स्वत्वों के अविलंब निस्तारण करने के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन जिला कलेक्टर को सौपा। संयुक्त महासंघ के जिला संयोजक हनुमान शर्मा ने बताया कि राज्य के कर्मचारियों को प्रतिवर्ष नियमानुसार समर्पित उपार्जित अवकाश का नगदीकरण अप्रैल माह के वेतन के साथ देय होता है। वित्तीय वर्ष के 6 माह से अधिक समय व्यतीत हो जाने के बावजूद अभी तक प्रदेश के कर्मचारियों को इस देय राशि का भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि समय पर भुगतान न होने से प्रदेश के लाखों कर्मचारियों में भारी रोष एवं असंतोष व्याप्त है। कर्मचारियों ने कहा कि आगामी तीन दिवस में समर्पित उपार्जित अवकाश एवं सेवानिवृत्ति कार्मिकों को उनके वैधानिक स्वत्वों का भुगतान किया जाए अन्यथा अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ चरणबद्ध आंदोलन करेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन एवं सरकार की होगी।

दिया कुमारी ने जमवाय माता के किए दर्शन





संचार जगत

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज जमवारामगढ़ स्थित प्रसिद्ध जमवाय माता मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इसके बाद उपमुख्यमंत्री ने आमेर के ऐतिहासिक शिला माता मंदिर में भी दर्शन किए और माता के चरणों में हाजिरी लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया।

जोधपुर के भीतरी शहर में चला व्हील लॉक अभियान

संचार जगत



जोधपुर। शहर के भीतरी इलाकों में लगातार गहराती जाम की समस्या और बेतरतीब खड़े वाहनों पर लगाम लगाने के लिए यातायात पुलिस ने कड़ा रुख अपनाया है। पुलिस उपायुक्त शाहीन सी. और अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त शालिनी राज के निर्देश में यातायात पुलिस की ओर से विशेष व्हील लॉक अभियान शुरू किया गया है। सब इंस्पेक्टर हिम्मत सिंह के नेतृत्व में पुलिस जाब्ते ने घंटाघर से लेकर नई सड़क तक के व्यस्ततम मार्ग पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे और नो-पार्किंग जोन में अवैध रूप से खड़े किए गए दोपहिया और चार पहिया वाहनों पर व्हील लॉक लगाकर नियमानुसार चालान काटे गए। यातायात अधिकारियों ने बताया कि घंटाघर और नई सड़क क्षेत्र में आए दिन नो-पार्किंग में खड़े वाहनों के कारण यातायात बाधित होता है और आमजन को भारी जाम का सामना करना पड़ता है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

गांजे की अवैध खेती का हुआ खुलासा

संचार जगत

उदयपुर। उदयपुर में करीब 200 करोड़ रुपये की गांजे की अवैध खेती का बड़ा खुलासा हुआ है। कोटड़ा तहसील के मांडवा गांव में जांच एजेंसियों ने कार्रवाई करते हुए करीब 57 हेक्टेयर जमीन पर उगाए गए गांजे के एक लाख 33 हजार से ज्यादा पौधों का पता लगाया। अधिकारियों के मुताबिक इन पौधों से लगभग 39 हजार 900 किलोग्राम गांजा तैयार होने का अनुमान था, जिसकी संभावित बाजार कीमत करीब 199 करोड़ 50 लाख रुपये आंकी गई है। संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर पूरी फसल को नष्ट किया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

एशियन गेम्स में 85 में से 38 मेडल बेटियां लाईं, पीएम ने कहा- यह नए भारत की तस्वीर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोले, इतने सारे पदकवीरों से एक साथ मिलना मामूली बात नहीं है

नई दिल्ली/संचार जगत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार 15 अक्टूबर को 2026 आइची-नागोया एशियाई खेलों में पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों से मुलाकात की और कहा इतने सारे पदकवीर और इन सभी को एक साथ मिलना मामूली बात नहीं है।

पीएम मोदी ने बेटियों यानी महिला एथलीट को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि भारत ने कुल 85 मेडल जीते, जिसमें 38 मेडल महिला एथलीट के नाम रहे। इन 38 में 11 गोल्ड मेडल शामिल रहे। पीएम ने आगे कहा कि यह नए भारत की तस्वीर है। आज भारत ऐसे खेलों में भी मेडल जीतता है जिसमें इससे पहले एशियन गेम्स के इतिहास में कभी मेडल नहीं मिला। मेजर ध्यान चंद स्टेडियम हुए आयोजन में एशियाई खेलों में गोल्ड मेडल जीतने वाली भारतीय पुरूष और महिला हॉकी और क्रिकेट टीमों ने अपने हस्ताक्षर वाली जर्सी प्रधानमंत्री को भेंट की।

पीएम मोदी ने कहा, इतने सारे पदकवीर से एक साथ मिलना मामूली बात नहीं है। आप सभी युवा एथलीट इस बात का उदाहरण है कि जुनून जब जीत में बदलता है तो कैसे पदक के साथ चेहरे की चमक भी लेकर आता है। उन्होंने कहा, बीते 10-12 सालों में देश ने लगन और निष्ठा से लगातार प्रयास किए हैं। आज हर खिलाड़ी को यह भरोसा रहता है कि उसके पूरे सफर में देश उसके साथ है और इसकी वजह से वह देश के लिए क्या करके दिखाता है, आप सभी इसके उदाहरण हैं।



पीएम मोदी ने दिलाए संकल्प


- हर मैदान पर तिरंगे की शान
- खेलों में भारत की नई पहचान
- हर खेल में नए चैंपियन
- हमारे नाम और नए रिकॉर्ड्स

(पीएम मोदी ने खिलाड़ियों से इन संकल्पों को पूरा करने के लिए कहा, जिस पर खिलाड़ियों ने वी विल डू इट कहा।)

महिला हॉकी टीम ने 44 साल लंबे इंतजार को खत्म किया

प्रधानमंत्री ने एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को यादगार बताया। उन्होंने कहा, इस बार एशियाड कई मायनों में यादगार रहे। हमारे हॉकी की दोनों टीमों ने इस बार गोल्ड मेडल जीता। खासकर हमारी महिला हॉकी टीम ने गोल्ड लाकर 44 साल लंबे इंतजार को खत्म किया है। उन्होंने बताया कि क्रिकेट में भारत की दोनों टीमों ने लगातार दूसरी बार गोल्ड मेडल जीता और अपना रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। कबड्डी में भी दोनों टीमों ने गोल्ड मेडल जीता, जबकि तीरंदाजी में भारत को पांच गोल्ड मिले। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत अब उन खेलों में भी पदक जीत रहा है, जिनमें एशियाई खेलों के इतिहास में पहले कभी देश को मेडल नहीं मिला था।

खबर संक्षेप



चैंपियन यूएई बुल्स की यस लायंस से होगी भिडंत

अबुधाबी। गत चैंपियन यूएई बुल्स सात नवंबर को अबुधाबी टी10 लीग में यस लायंस के खिलाफ अपने खिताब का बचाव करने की शुरुआत करेगी। बीस नवंबर तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में 32 मैच होंगे जिसमें शुरुआती दिन का तीन मुकाबले होंगे। दो सप्ताह तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में रॉयल डेजर्ट चैंपियंस का सामना एमिरेट्स ईगल्स से होगा जबकि इससे पहले यूएई बुल्स का मुकाबला यस लायंस से होगा। शुरुआती दिन का समापन यूनाइटेड टाइगर्स की अरेबियन एसेस से भिड़ंत के साथ होगा।

सीनियर टी20 ट्रॉफी में सोनी को दिल्ली की कमान



नई दिल्ली। सोनी यादव को 26 अक्टूबर से शुरू होने वाले सीनियर महिला टी20 ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए बृहस्पतिवार को दिल्ली की कप्तान नियुक्त किया गया। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने एक बयान में कहा, ''सीनियर महिला चयन समिति की 14 अक्टूबर 2026 को बैठक हुई जिसमें टीम को अंतिम रूप दिया गया। सोनी यादव को कप्तान बनाया गया है, जबकि श्वेता सहरावत उपकप्तान और विकेटकीपर की भूमिका निभाएंगी। टीमः सोनी यादव (कप्तान), श्वेता सहरावत (उपकप्तान और विकेटकीपर), प्रिया पूनिया, तनीषा सिंह, प्रज्ञा रावत (विकेटकीपर), नज़मा, भारती रावल, वंशिका लीला, प्रिया मिश्रा, निधि महतो, दिशा नागर, शिवी शर्मा, सुमिति सोनी, मेधावी बिधूड़ी, गोयिंका शर्मा और अक्षिता जैन।

विनीसियस जूनियर पर चार मैच का प्रतिबंध लगा

मैड्रिड। रियाल मैड्रिड के फॉरवर्ड विनीसियस जूनियर को शनिवार को विलारियल के खिलाफ खेले गए मैच में प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ी के बाल खींचने के लिए स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा में चार मैचों के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। इस तरह से विनीसियस बार्सिलोना के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच में भी नहीं खेल पाएंगे। बाल खींचने पर दिखाया था लाल कार्ड विनीसियस को विलारियल के खिलाफ मैच के 73वें मिनट में नाथन सलीबा के बाल ज़ोर से खींचने के लिए सीधा लाल कार्ड दिखाया गया था।

टी-20 अंतरराष्ट्रीय : एक पारी में 50 से ज्यादा रन सात बार लुटा चुके हैं अर्शदीप

नई दिल्ली/संचार जगत

टी-20 क्रिकेट में गेंदबाजों के लिए रन रोकना हमेशा बड़ी चुनौती रहा है। इस प्रारूप में बल्लेबाज तेजी से रन बनाने की कोशिश करते हैं, जिससे गेंदबाजों पर दबाव बढ़ जाता है। कई बार भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाजों को भी एक पारी में जमकर रन खर्च करने पड़े हैं। ऐसे में आइए जानते हैं उन भारतीय गेंदबाजों के बारे में, जिन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा बार एक पारी में 50 या उससे अधिक रन दिए हैं।

अर्शदीप सिंह (7 बार)

भारतीय टीम के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह इस सूची में पहले स्थान पर हैं। वह अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 95 पारियों में 7 बार एक पारी में 50 या उससे ज्यादा रन खर्च कर चुके हैं। उन्होंने अपने करियर में 8.62 की इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की है। वह 4 मेडन ओवर भी डाल चुके हैं। उन्होंने 20.30 की औसत से 145 विकेट अपने नाम किए हैं।



युजवेंद्र चहल (4 बार)

भारतीय टीम के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल इस सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 80 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और इसकी 79 पारियों में 4 बार 50 या उससे ज्यादा रन खर्च कर चुके हैं। इस खिलाड़ी ने 8.19 की इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की है। उन्होंने 2 मेडन के साथ 25.09 की औसत से 96 विकेट भी चटकाए हैं। चहल ने 2 बार 4 विकेट हॉल और एक बार 5 विकेट हॉल ले चुके हैं।

अक्षर, कृष्णा और वरुण 3-3 बार बार दिए 50+ रन

तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से 3 गेंदबाज हैं। प्रसिद्ध कृष्णा, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 3-3 बार 50 या उससे ज्यादा रन खर्च कर चुके हैं। प्रसिद्ध ने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 11 की इकॉनमी से गेंदबाजी की है और 8 पारियों में 9 विकेट लिए हैं। वरुण ने 46 पारियों में 7.58 की इकॉनमी से 75 विकेट लिए हैं। अक्षर ने 104 पारियों में 7.64 की इकॉनमी से 113 विकेट चटकाए हैं।

इन खिलाड़ियों ने दिए हैं 2-2 बार दिए 50+ रन

इस सूची में चौथे स्थान पर 9 भारतीय गेंदबाज संयुक्त रूप से मौजूद हैं। हर्षित राणा (12 पारियां), मोहम्मद सिराज (16 पारियां), क्रुणाल पांड्या (19 पारियां), हर्षल पटेल (24 पारियां), आवेश खान (24 पारियां), रवि बिश्नोई (53 पारियां), कुलदीप यादव (54 पारियां), जसप्रीत बुमराह (97 पारियां) और हार्दिक पांड्या (125 पारियां) ने अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर में 2-2 बार एक पारी में 50 या उससे अधिक रन खर्च किए हैं।



संन्यास का फैसला बदलने से सिकंदर रजा ने किया इनकार

नई दिल्ली। जिम्बाब्वे के वनडे और टी20 कप्तान सिकंदर रजा ने कहा कि विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप 2027.30 चक्र में उनकी टीम के आने की संभावना के बावजूद अगले साल अफ्रीका में होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप के बाद संन्यास का उनका फैसला नहीं बदलेगा। जिम्बाब्वे वनडे विश्व कप 2027 में दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया के साथ सह मेजबान है। रजा ने मोबाइल गेमिंग प्लेटफॉर्म सिक्सर क्रिकेट द्वारा कराई गई बातचीत में कहा ,'' मेरे कैरियर का यह आखिरी दौर है और अपने देश में विश्व कप खेलना मेरे लिये वरदान से कम नहीं है ।'' उन्होंने कहा ,'' हर क्रिकेटर का सपना विश्व कप खेलकर संन्यास लेने का होता है । यह पूछने पर कि अगर जिम्बाब्वे 2027.30 चक्र में विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में जगह बनाता है तो क्या उनका फैसला बदलेगा, उन्होंने कहा नहीं।

डेनमार्क ओपन

त्रीसा-गायत्री की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में, श्रीकांत बाहर



नई दिल्ली/संचार जगत

भारत की त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी ने बृहस्पतिवार को इंडोनेशिया की रेचेल एलेस्या और रोज फेबी सेटियानिंगरम की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी को सीधे गेम में हराकर डेनमार्क ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली।


अगस्त में नयी दिल्ली में विश्व चैंपियनशिप में अपना पहला कांस्य पदक जीतने वाली त्रीसा और गायत्री की जोड़ी ने इंडोनेशियाई जोड़ी को 45 मिनट तक चले मुकाबले में 21-16, 21-17 से शिकस्त दी। अब क्वार्टर फाइनल में भारतीय जोड़ी का सामना हांगकांग की युंग डा टिंग और युंग पुई लैम तथा मलेशिया की पर्ली टैन और थिनाह मुरलीधरन की जोड़ी के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा।

श्रीकांत हारे मौजूदा विश्व चैंपियन से

इससे पहले किदांबी श्रीकांत ने अपने पुराने अंदाज की झलक दिखाई, लेकिन तीन गेम तक चले प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मौजूदा विश्व चैंपियन फ्रांस के एलेक्स लानियर से हार गए। 2017 में चार खिताब जीतकर सुर्खियां बटोरने वाले 33 वर्षीय श्रीकांत ने नौ साल बाद अपने शानदार नेट प्ले का प्रदर्शन करते हुए पहला गेम जीत लिया। लेकिन 21 वर्षीय फ्रांसीसी खिलाड़ी ने वापसी करते हुए एक घंटे छह मिनट में 11-21, 21-15, 21-15 से मुकाबला अपने नाम कर लिया। महिला एकल के प्री-क्वार्टर फाइनल में भारत की अश्मिता चालिहा को जापान की अकाने यामागुची ने 21-18, 21-10 से हरा दिया।

टेनिस टूर्नामेंट

एलिना स्वितोलिना वुहान ओपन के क्वार्टर फाइनल में



नई दिल्ली/संचार जगत

पांचवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना ने बृहस्पतिवार को यहां वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली चीन की खिलाड़ी गुओ हान्यू को 6-1, 6-4 से हराकर वुहान ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

गुओ ने पिछले मैच में 12वीं वरीयता प्राप्त सोराना सिर्स्टिया को 1-6, 7-6 (6), 7-5 से हराकर उलटफेर किया था लेकिन स्वितोलिना के खिलाफ वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाई।

अन्य खिलाड़ियों का प्रदर्शन

इससे पहले विंबलडन की फाइनलिस्ट और छठी वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा को 11वीं वरीयता प्राप्त डायना श्नाइडर से 7-5, 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। शीर्ष वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका और दूसरी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला बुधवार को दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गई थी।

सैमसन ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में बनाया अनोखा रिकॉर्ड, बने पहले बल्लेबाज

नई दिल्ली/संचार जगत

भारतीय विकेट कीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन ने बुधवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए चौथे टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में तूफानी बल्लेबाजी की। उन्होंने 248 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार अर्धशतक लगाया।

इस दौरान सैमसन ने एक खास उपलब्धि हासिल की। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में किसी फुल मेंबर टीम की ओर से पहले 4 ओवर के भीतर अर्धशतक पूरा करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए।



सैमसन ने 3.4 ओवर में पूरा किया अर्धशतक

सैमसन ने सिर्फ 23 गेंदों में 56 रन की पारी खेली। उन्होंने इस दौरान 6 चौके और 4 छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 243.48 रहा। सैमसन ने 3.4 ओवर में अर्धशतक पूरा किया। क्रिकबज के अनुसार, वह किसी फुल मेंबर टीम की ओर से टी-20 अंतरराष्ट्रीय में पहले 4 ओवर के भीतर 50 रन पूरे करने वाले पहले बल्लेबाज बने। हालांकि, सभी टीमों के खिलाड़ियों की सूची में नामीबिया के जान फ्राइलिंक ने भी 3.4 ओवर में अर्धशतक लगाया है।

जूनियर बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप में जगशेर ने पदक किया पक्का

काहिरा। भारत के जगशेर सिंह खंगूरा ने बृहस्पतिवार को यहां बैडमिंटन जूनियर विश्व चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे के युआन-स्यू झुआंग को रोमांचक मुकाबले में हराकर पदक सुनिश्चित किया। पंजाब के इस बैडमिंटन खिलाड़ी ने काहिरा इंटरनेशनल स्टेडियम में तीन गेम तक चले मुकाबले में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी की। उन्होंने दूसरे गेम में मैच प्वाइंट बचाकर 6-15, 17-15, 15-12 से जीत दर्ज की। खंगूरा ने इससे पहले दिन में प्री-क्वार्टर फाइनल में मलेशिया के ली कियान चोंग को 15-8, 15-8 से हराया था। भारत अब तक इस चैंपियनशिप में एक स्वर्ण, पांच रजत और छह कांस्य पदक जीत चुका है।

खंगूरा का सामना अब राधित्य वायु से : अब फाइनल में जगह बनाने के लिए खंगूरा का सामना इंडोनेशिया के राधित्य बायु वरधाना से होगा। भारतीय खिलाड़ी ने इससे पहले राउंड 32 में थाईलैंड के 22वीं वरीयता प्राप्त पुनातत प्रेमपुनपोंग को हराया था।


किलियन सबसे कम उम्र में 100 मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने


एमबाप्पे और हालैंड ने मेस्सी के रिकॉर्ड तोड़े

नई दिल्ली/संचार जगत

किलियन एमबाप्पे चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट में सबसे कम उम्र में 100 मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने रियाल मैड्रिड और रोमा के बीच खेले गए मैच में यह उपलब्धि हासिल की।

एमबाप्पे ने लियोनेल मेस्सी का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने सितंबर 2015 में 28 वर्ष की आयु में बार्सिलोना की तरफ से रोमा के खिलाफ ही खेलते हुए पिछला रिकॉर्ड बनाया था। एमबाप्पे ने मैड्रिड की 4-3 की जीत में पहले हाफ में बराबरी का गोल दागकर इस उपलब्धि का जश्न मनाया।





एर्लिंग 60 गोल करने वाले सबसे छोटे खिलाड़ी

चैंपियंस लीग में बुधवार को मेस्सी का केवल यह रिकॉर्ड ही नहीं टूटा बल्कि एक और रिकॉर्ड उनके नाम से चला गया। मैनचेस्टर सिटी के एर्लिंग हालैंड ने पेरिस सेंट जर्मेन के खिलाफ अपनी टीम की 2-4 से हार के दौरान दो गोल किए। इससे उनकी चैंपियंस लीग में कुल गोल की संख्या 60 मैच में 61 हो गई है। यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए के अनुसार 26 साल और 85 दिन की उम्र में हालैंड चैंपियंस लीग में 60 गोल करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने मेस्सी का रिकॉर्ड को एक दिन के अंतर से तोड़ा।

आकाश अंबानी ने पेश की विकास योजना: होम ब्रॉडबैंड बेस करीब 3 करोड़ से बढ़ाकर 10 करोड़ तक ले जाने का लक्ष्य

भारत के सबसे बड़े आईपीओ से पहले जियो का बड़ा ऐलान: मोबिलिटी, होम और एंटरप्राइज पर रहेगा फोकस

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत के अब तक के सबसे बड़े आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) से पहले जियो प्लेटफॉर्म्स ने अपनी अगली विकास रणनीति का खुलासा किया है। कंपनी के प्रबंध निदेशक आकाश अंबानी ने मोबिलिटी, होम ब्रॉडबैंड और उद्यम एवं अंतरराष्ट्रीय कारोबार को जियो के तीन प्रमुख विकास इंजन बताया। कंपनी की योजना मजबूत डिजिटल कनेक्टिविटी, तकनीक और बुनियादी ढांचे के दम पर देश की तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था में अपनी हिस्सेदारी और मजबूत करने की है।

आकाश अंबानी ने कहा कि जियो की कारोबारी रणनीति के केंद्र में ग्राहक हैं। उन्होंने कहा, हमारे कारोबार की सबसे महत्वपूर्ण इकाई हमारा ग्राहक है। कंपनी का लक्ष्य हर भारतीय, हर घर और हर उद्यम तक बेहतर और किफायती डिजिटल सेवाएं पहुंचाना है। देश की सबसे बड़ी डिजिटल और टेलीकॉम कंपनियों में से एक के इस मेगा आईपीओ से जुड़ी घोषणा के समय आकाश अंबानी चेयरमैन, रिलायंस जियो इन्फोकॉम लिमिटेड, अनंत अंबानी एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं संस्थापक, वंतारा , ईशा अंबानी रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, उदय कोटक: चेयरपर्सन, कोटक सिक्योरिटीज सहित व्यापार जगत की कई प्रमुख हस्तियां उपस्थित थीं।

कुल नए स्थिर ब्रॉडबैंड कनेक्शनों में जियो की हिस्सेदारी करीब 67.5 प्रतिशत रही

लक्ष्य हर भारतीय, हर घर और हर उद्यम तक बेहतर डिजिटल सेवाएं पहुंचाना

53.3 करोड़ ग्राहकों के साथ मोबाइल कारोबार पर नजर



ईशा अंबानी और आकाश अंबानी एक साथ

जियो के पास फिलहाल करीब 53.3 करोड़ कनेक्टिविटी ग्राहक हैं और कंपनी देश के 60 प्रतिशत से अधिक डेटा यातायात को संभालती है। मोबाइल कारोबार में कंपनी अगले पांच वर्षों के दौरान करीब 34 करोड़ नए 4जी और 5जी ग्राहकों की संभावित बाजार मांग देख रही है। आकाश अंबानी के मुताबिक, इसमें करीब 10 करोड़ ऐसे ग्राहक शामिल होंगे, जो पहली बार मोबाइल कनेक्शन लेंगे, जबकि लगभग 24 करोड़ ग्राहक 2जी से 4जी और 5जी नेटवर्क पर जा सकते हैं। कंपनी के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 में जियो के सक्रिय मोबाइल ग्राहकों की शुद्ध वृद्धि दूसरे सबसे बड़े दूरसंचार परिचालक की तुलना में करीब तीन गुना रही।

घरेलू ब्रॉडबैंड ग्राहकों की संख्या 10 करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य

जियो आने वाले वर्षों में घरेलू ब्रॉडबैंड कारोबार को भी विकास के बड़े अवसर के रूप में देख रहा है। कंपनी के पास फिलहाल करीब 2.86 करोड़ स्थिर ब्रॉडबैंड ग्राहक हैं। अब इसका लक्ष्य इस संख्या को बढ़ाकर 10 करोड़ घरों तक पहुंचाना है। कंपनी के मुताबिक, वित्त वर्ष 2025-26 में देश में जुड़े कुल नए स्थिर ब्रॉडबैंड कनेक्शनों में जियो की हिस्सेदारी करीब 67.5 प्रतिशत रही। आकाश अंबानी ने बताया कि कंपनी तार आधारित फाइबर नेटवर्क के साथ वायरलेस तकनीक का इस्तेमाल करते हुए अपनी पहुंच का विस्तार कर रही है। फिलहाल जियो की सेवाएं देश के करीब 19,000 पिन कोड तक पहुंच रही हैं।



मेगा आईपीओ से जुड़ी घोषणा के दरमियान व्यापार जगत की मौजूद हस्तियां



उद्यम कारोबार और अंतरराष्ट्रीय बाजारों पर दांव

जियो का तीसरा विकास इंजन उद्यमों को डिजिटल सेवाएं देना और अंतरराष्ट्रीय कारोबार का विस्तार करना है। कंपनी भारत में करीब 5.1 लाख करोड़ रुपए यानी 56.8 अरब डॉलर के उद्यम डिजिटल सेवा बाजार को अवसर के रूप में देख रही है। आकाश अंबानी के अनुसार, देश की लगभग 65 प्रतिशत बैंक शाखाएं जियो नेटवर्क से जुड़ी हैं। इसके साथ ही कंपनी अपने संपूर्ण तकनीकी मंच को चुनिंदा विदेशी बाजारों में पेश कर कमाई के नए रास्ते तलाश रही है। जियो की रणनीति केवल सॉफ्टवेयर बेचने तक सीमित नहीं है। कंपनी वैश्विक दूरसंचार परिचालकों के साथ प्रबंधित सेवा साझेदार के रूप में काम करना चाहती है। इस पहल के जरिए जियो भारतीय तकनीकी क्षमताओं को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचाने और तकनीकी सेवाओं के निर्यात को बढ़ावा देने की तैयारी में है। आकाश अंबानी ने कहा कि इससे भारत को तकनीक का आयात करने वाले देश से तकनीक का निर्यात करने वाले देश बनने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है।

ईशा अंबानी ने बताई रिलायंस की दीर्घकालिक कारोबारी सोच

प्रेस कॉन्फ्रेंस से पहले ईशा अंबानी ने जियो की शुरुआत और रिलायंस की कारोबारी सोच का जिक्र किया। उन्होंने बताया कि कंपनी की रणनीति दीर्घकालिक दृष्टिकोण, बड़े पैमाने पर विस्तार, मजबूत क्रियान्वयन और वित्तीय अनुशासन पर आधारित है। कार्यक्रम की शुरुआत उदय कोटक ने की। उन्होंने रिलायंस के संस्थापक धीरूभाई अंबानी और वर्ष 1977 में आए रिलायंस के आईपीओ को याद किया। जियो की यह विकास योजना ऐसे समय में सामने आई है, जब कंपनी के संभावित आईपीओ को लेकर बाजार की नजरें टिकी हुई हैं। मोबाइल सेवाओं, घरेलू ब्रॉडबैंड और उद्यम एवं अंतरराष्ट्रीय कारोबार पर कंपनी का ध्यान आने वाले वर्षों में उसकी विकास रणनीति की दिशा तय कर सकता है।

नगर निगम जयपुर सतर्कता शाखा की टीम द्वारा की गई कार्रवाई

जयपुर। नगर निगम जयपुर आयुक्त ओम कसेरा के निर्देषानुसार एवं पूर्व से प्राप्त शिकायतों पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में गुरूवार को सतर्कता शाखा की द्वारा नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में धावास जगदम्बा नगर, कुम्हार की होटल, देवश्री नगर वैषाली, गांधीपथ वैषाली नगर, वरूणपथ, कावेरीपथ, वीटी रोड़, स्वर्णपथ मानसरोवर, झालाना, अपेक्स सर्किल, सी-2 प्लाजा झालाना, एनआरआई चैराहा एवं करतारपुरा नाला आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध 11 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल कर 7 केन्टर सामान जब्त किया गया। उपायुक्त ने बताया कि नगर निगम जयपुर क्षेत्राधिकार में धावास जगदम्बा नगर, कुम्हार की होटल, देवश्री नगर वैषाली, गांधीपथ वैषाली नगर, वरूणपथ, कावेरीपथ, वीटी रोड़, स्वर्णपथ मानसरोवर, झालाना, अपेक्स सर्किल, सी-2 प्लाजा झालाना, एनआरआई चैराहा एवं करतारपुरा नाला आदि स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया गया। उपरोक्त कार्रवाई के दौरान 7 केन्टर सामान जब्त कर गोदाम में भिजवाया गया व अस्थाई अतिक्रमण करने वालों से मौके पर 11 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया गया तथा दौरे के दौरान कार्यवाही सतर्कता टीम द्वारा मौके पर समझाइष करते हुए मौखिक पाबंद करवाया कि भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण समय से हटा ले अन्यथा कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

जयपुर में कल से शुरू हो रहा है डांडिया और गर्बा का भव्य महोत्सव

संचार जगत

जयपुर। जयपुरवासियों के लिए इस बार नवरात्रि का पर्व और भी खास होने जा रहा है क्योंकि गुलाबी नगरी में आज से गर्बा और डांडिया का एक भव्य और रंगारंग महोत्सव शुरू होने जा रहा है। वैशाली नगर स्थित जानकी पैराडाइज में आज से 19 अक्टूबर तक एस के जे ज्वैलर्स डांडिया महारास 2026 का भव्य और विशाल आयोजन किया जाएगा। इस बहुप्रतीक्षित आयोजन के आधिकारिक पोस्टर का विमोचन कैबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्द्धन सिंह राठौड़ ने किया। इस खास अवसर पर उन्होंने आयोजन समिति को बधाई दी और समस्त जयपुरवासियों को नवरात्रि पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं। यह चार दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव प्रतिदिन शाम 5:00 बजे से रात 10:00 बजे तक आयोजित होगा। कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षणों में पारंपरिक गर्बा और डांडिया रास, मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, विजेताओं के लिए आकर्षक पुरस्कार और 'डांडिया क्वीन फैशन कॉन्टेस्ट' शामिल हैं। यह आयोजन केवल मनोरंजन तक ही सीमित न रहकर कई महत्वपूर्ण सामाजिक संदेशों का भी माध्यम बनेगा। इसके अंतर्गत महिला सम्मान, कन्या पूजन और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा, जिससे भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक सौहार्द का एक सुंदर संगम देखने को मिलेगा।

यदि आप भी इस डांडिया महारास के गवाह बनना चाहते हैं और संगीत व नृत्य की मस्ती में सराबोर होना चाहते हैं, तो इसके एंट्री पास ऑनलाइन माध्यमों के साथ-साथ जानकी पैराडाइज के टिकट काउंटर पर भी उपलब्ध हैं। तो तैयार हो जाइए, जयपुर में अगले चार दिनों तक रंग, संगीत और डांडिया की शानदार धूम के लिए।

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान में 'नारी चौपाल-सशक्त बालिका-सुरक्षित समाज' सप्ताह का आयोजन

जयपुर। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर 11 से 16 अक्टूबर तक 'नारी चौपाल-सशक्त बालिका-सुरक्षित समाज' सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत बालिकाओं एवं महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण, लैंगिक समानता, बाल विवाह निषेध, शिक्षा तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु राज्यभर में नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

नेहा बोरा के 'बांग्लादेश ने रास्ता दिखाया' वाले बयान पर घमासान

बीजेपी बोली- राहुल गांधी का मकसद सत्ता परिवर्तन



नई दिल्ली/संचार जगत

बीजेपी की ओर से राहुल गांधी की पोस्टर गर्ल कही जा रहीं एआईएसए की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा के एक बयान को लेकर नया सियासी बवाल खड़ा हो गया है। बीजेपी ने बांग्लादेश के जेन-जी आंदोलन पर नेहा के बयान को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। दरअसल नेहा बोरा के एक इंटरव्यू का वीडियो सामने आया है, जिसमें वह कह रही हैं कि बांग्लादेश में हुए जेन-जी आंदोलन ने भारत के नौजवानों को भी रास्ता दिखाया है।

नेहा ने बांग्लादेश के आंदोलन को लोकतंत्र और मतदाताओं के अधिकार से जोड़ते हुए कहा कि आज भारत में भी यही मुद्दे सामने हैं। इसी बयान के आधार पर बीजेपी प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और उनका पूरा पॉलिटिकल इको सिस्टम राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि भारत में सत्ता परिवर्तन चाहता है। वायरल वीडियो में नेहा बोरा बांग्लादेश में हुए जेन-जी आंदोलन का जिक्र करती नजर आ रही हैं। नेहा कहती हैं, हम सब जानते हैं कि जो जेन-जी मूवमेंट आपको देश में दिखाई दे रहा है, वो पहले बांग्लादेश में शुरू हुआ था। मैं उन्हें बधाई देती हूं कि आपने हमें और हमारे देश के नौजवानों को रास्ता दिखाया है। उनका कहना है कि बांग्लादेश में आंदोलन इन्हीं मुद्दों को लेकर शुरू हुआ था और आज भारत में भी ऐसी ही बातें सामने आ रही हैं।

सीजेपी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में हंगामा

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे और एसआईआर के खिलाफ आंदोलन कर रही सीजेपी की गुरुवार को दिल्ली में हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस में हंगामा हो गया। सीजेपी और आइसा की संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में आइसा अध्यक्ष नेहा बोरा ने बोलना शुरू किया तो कुछ लोगों ने नारेबाजी शुरू कर दी। नेहा बोरा और सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके ने प्रेस क्लब के पदाधिकारियों से विरोध कर रहे लोगों को बाहर करने की अपील की। हंगामा बढ़ने पर नेहा बोरा को अपना संबोधन रोकना पड़ा। इस दौरान नेहा बोरा के लिए बंद करो और दफा हो जाओ जैसे नारे भी लगाए गए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल, प्रशांत भूषण, और अभिनेता कार्यकर्ता प्रकाश राज भी मौजूद थे।

प्रशांत भूषण बोले- हम सब सत्ता परिवर्तन चाहते हैं

वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अगर मौजूदा सरकार देश में चुनावी लोकतंत्र को कमजोर करना लगातार जारी रखती है, तो सत्ता परिवर्तन पूरी तरह जायज होगा। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सरकार बदलने की मांग करने का पूरा लोकतांत्रिक अधिकार है। इस दौरान भूषण ने सरकार के उन दावों को सिरे से खारिज कर दिया, जिनमें इस आंदोलन और विरोध प्रदर्शनों को केवल विपक्ष द्वारा सत्ता हथियाने की साजिश बताया जा रहा है।

मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए एंटी लार्वा गतिविधियां आयोजित

संचार जगत

जयपुर। मौसमी बीमारियों एवं मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत के निर्देशन और उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वास्थ्य, जयपुर प्रथम डॉ. मनु शेखावत और डॉ. विनोद शर्मा के मार्गदर्शन में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शांति नगर के अधीन वार्ड 93 में विशेष गतिविधियां आयोजित की गई। इस दौरान शांति नगर स्वास्थ्य टीम ने कुमावत कॉलोनी में एंटी लार्वा सर्वे किया और मलेरिया की जांच के लिए रक्त स्लाइड बनाई गई। कुमावत कॉलोनी, गणेश नगर एवं गायत्री नगर क्षेत्रों में एएनएम एवं आशा सहयोगिनियों द्वारा एंटी लार्वा गतिविधियां संचालित की गई। मच्छरों के प्रजनन को रोकने के उद्देश्य से संबंधित क्षेत्रों में फॉगिंग भी करवाई गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई कि घरों एवं आसपास पानी जमा न होने दें, पानी की टंकियों और बर्तनों को ढककर रखें तथा कूलर, गमलों एवं अन्य जल पात्रों की नियमित सफाई करें। बुखार आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जांच एवं उपचार अवश्य करवाएं।



राजस्थान में विशेष अभियान के तहत फॉर्म-6 के 4.80 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त

जयपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजस्थान में 1 अक्टूबर 2026 से 18-19 वर्ष आयु वर्ग के युवा मतदाताओं तथा मतदाता सूची में नाम जुड़वाने से वंचित रहे सभी पात्र व्यक्तियों के पंजीकरण हेतु विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।

गुरुवार को प्रदर्शनों को लेकर लगभग दो दर्जन याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई की

सुप्रीम कोर्ट तक मार्च पर राहुल गांधी को नोटिस, सीजेआई ने कहा

हमें कोई भी धमका नहीं सकता राहुल अपनी मंशा को स्पष्ट करें?

नई दिल्ली/संचार जगत

12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट तक विपक्ष के मार्च मामले में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि कोई भी कोर्ट को डरा-धमकाकर दबाव में नहीं ला सकता। ऐसी कोशिशें बेकार हैं। इन पर कोई ध्यान नहीं देता। उन्होंने कहा कि हमें पता कि कोर्ट के बाहर क्या कहा जा रहा है और कोर्ट के अंदर क्या कहा जा रहा है। हम किसी काल्पनिक दुनिया में नहीं जी रहे हैं। हमें हर बात की जानकारी है। सीजेआई ने राहुल का नाम लिए बिना यह भी कहा कि याचिकाकर्ताओं में से एक के आचरण पर सवाल करेंगे और उसे सफाई देनी होगी। उनको अपनी मंशा स्पष्ट करनी होगी। 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट परिसर में विपक्षी नेताओं और उनके समर्थकों के जुटने से जुड़े मामले में राहुल गांधी, अखिलेश यादव और अन्य 14 नेताओं को नोटिस जारी किया है। वहीं, एसआईआर प्रक्रिया और चुनाव आयोग के फैसलों के खिलाफ इन नेताओं की याचिका पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग से जवाब मांगा।

एसआईआर प्रक्रिया और चुनाव आयोग के फैसलों के खिलाफ इन नेताओं की याचिका पर कोर्ट ने केंद्र सरकार और चुनाव आयोग से जवाब मांगा

राहुल ने 12 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट तक मार्च निकाला था वह इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के अंदर पहुंचे थे



सीजेआई सूर्यकांत

राहुल गांधी

सभी कानूनी एजेंसियों को सीसीटीवी और अन्य डिजिटल फुटेज सुरक्षित रखने का निर्देश

प्रदर्शन बुलाने वाला व्यक्ति दूसरों पर पड़ने वाले परिणामों की जिम्मेदारी भी ले

कैमरा फुटेज कोई भी आकर जमा कर सकता है

12 अक्टूबर के सुप्रीम कोर्ट मार्च के बाद कोर्ट परिसर में राजनीतिक प्रदर्शन रोकने के नियम बनाने, सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने और राहुल गांधी समेत नेताओं की मंशा की जांच से जुड़ी याचिका 4 वकील ने दाखिल की है। याचिकाकर्ताओं के वकील गौरव भाटिया ने सुप्रीम कोर्ट से उन सीसीटीवी फुटेज को सुरक्षित करवाने के लिए अंतरिम आदेश देने की मांग की।

केरल कांग्रेस के सोशल मीडिया पोस्ट पर एक्शन की मांग

सुनवाई के दौरान केरल कांग्रेस के सोशल मीडिया पोस्ट को कोर्ट की अवमानना बताते हुए कार्रवाई की मांग की गई है। याचिका के मुताबिक यह पोस्टसीजेआई के खिलाफ थी। यह पोस्ट डिलीट की जा चुकी है।

तीन अलग-अलग कैटेगरी के लिए लगाया जाएगा टैरिफ


10 दिन में भारत पर 100 फीसदी टैरिफ का फैसला ले लेंगे ट्रम्प

यूएस राजदूत सर्जियो बोले, इसमें रूस से तेल-गैस खरीदने वाले सभी देश शामिल

नई दिल्ली/संचार जगत

भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने गुरुवार को रूसी तेल खरीदने को लेकर भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ पर अपनी बात रखी। उन्होंने ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में बोलते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अगले 10 दिनों के भीतर प्रतिबंधों पर फैसला ले सकते हैं, जिसे रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों, जिनमें भारत भी शामिल है पर असर पड़ सकता है।

इस साल 18 सितंबर को ट्रम्प ने लिंडसे ओ ग्राम सैक्शनिंग रशिया एंड ईरान एक्ट ऑफ 2026 (एसआरआईए) पर साइन कर इसे कानून बना दिया। यह कानून रूस से तेल, गैस के टॉप एनर्जी आयातकों या प्रतिबंधों से बचने में सहायता करने वाले देशों से आयात पर 100 फीसदी तक टैरिफ लगाने का अधिकार देता है। ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम में बोलते हुए सर्जियो गोर ने कहा कि उन्हें अगले 10 दिनों के



भीतर कोई फैसला लेना होगा। उन्होंने बताया कि ट्रम्प ने अब तक इस कानून के तहत किसी भी देश पर प्रतिबंध नहीं लगाए हैं, जबकि कानून पारित होने के 30 दिनों के भीतर उन्हें निर्णय लेना आवश्यक था। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि यह कानून राष्ट्रपति को उन देशों पर प्रतिबंध लगाने का अधिकार देता है, जो रूसी तेल और गैस खरीदते हैं या रूस को प्रतिबंधों से बचने में मदद करते हैं। हालांकि, गोर ने स्पष्ट किया है कि ये उपाय किसी खास देश को टारगेट नहीं करते हैं। उन्होंने लिखा कि कांग्रेस द्वारा पारित ये प्रतिबंध विकल्प किसी एक देश को टारगेट नहीं करते हैं। ये तीन अलग-अलग श्रेणियों में आते हैं। पहला तेल, दूसरा गैस और तीसरा प्रतिबंधों का उल्लंघन। इसलिए इन कैटेगरी में से एक में भारत भी आता है, साथ ही कई अन्य देश भी शामिल हैं।

भारत से डील के लिए उत्सुक राष्ट्रपति ट्रम्प

अमेरिकी राजदूत से जब पूछा गया कि क्या भारत को कोई राहत या छूट मिलेगी, तो अमेरिकी राजदूत ने कहा कि गेंद ट्रंप के पाले में है। उन्होंने आगे कहा कि भारत और अमेरिका जल्द ही एक व्यापार समझौते पर पहुंचेंगे और लगभग डेढ़ साल से चल रही जटिल बातचीत के बावजूद दोनों देशों ने काफी प्रगति की है। राष्ट्रपति ट्रंप भारत के साथ डील को लेकर काफी उत्सुक हैं। इसके अलावा, उन्होंने बताया कि अमेरिका रक्षा, आईटी, डेटा सेंटर और चिप निर्माण समेत अलग-अलग क्षेत्रों में भारत के साथ व्यापार सहयोग बढ़ाने के लिए उत्सुक है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में अमेरिकी कंपनियों द्वारा किया गया निवेश अमेरिका में रोजगार पैदा करने में सहायक हो सकता है।

ईरान जंग से अमेरिका में महंगा हुआ डीजल

अमेरिका में ईरान जंग के बाद डीजल की कीमतें बढ़कर 6.28 डॉलर प्रति गैलन हो गई हैं। माना जा रहा है कि कीमतें कम करने के लिए ट्रम्प ने रूस से डीजल खरीदने का फैसला लिया है। अमेरिका में जंग से पहले डीजल करीब 3.70 डॉलर प्रति गैलन बिक रहा था। अब इसकी कीमत 6.28 डॉलर हो गई है। 3 नवंबर को होने वाले मिडटर्म चुनाव से पहले ईंधन की बढ़ती कीमतें ट्रम्प प्रशासन के लिए चुनौती बनी हुई हैं। ट्रम्प के मुताबिक, रूस तुरंत 3 लाख टन से ज्यादा डीजल भेजेगा। इसके बाद नवंबर में 5 लाख टन और फिर 10 लाख टन डीजल की आपूर्ति की जाएगी। आगे चलकर यह मात्रा 30 लाख टन तक पहुंच सकती है।

यूरोप ने रूस से 30 लाख करोड़ का तेल-गैस खरीदा: रूस से तेल खरीदने पर भारत पर दबाव बनाने वाला यूरोप खुद भी उससे बड़े पैमाने पर तेल-गैस खरीद रहा है। 2022 से अब तक यूरोपीय देशों ने रूस से करीब 30 लाख करोड़ रुपए का ईंधन खरीदा है। दूसरी ओर, यूरोपीय संघ ने जुलाई 2025 में गुजरात स्थित नायरा एनर्जी की रिफाइनरी पर प्रतिबंध लगाए थे, जिसमें रूस की तेल कंपनी रोसनेफ्ट की हिस्सेदारी रही है।

स्वामित्व, प्रकाशक एवं संपादक : अवंतिका राठौड़ - पी.के. प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स, 31, राम मंदिर के पास, पटेल नगर, 22 गोदाम, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यालय : जे-17, रमेश मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर। संपर्क : 0141 463 7668
ई-मेल : sancharjagat@gmail.com| आरएनआई नं. : RAJHIN/2014/55262 समाचार चयन के लिए पीआरबी अधिनियम के तहत जिम्मेदार। न्यायाधिकार क्षेत्र : जयपुर महानगर।